शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 82 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 18 अप्रैल 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## गाजा में गरजे इजराइली फाइटर जेट, हमास को भारी क्षति

**तेल अवीव**
फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के मददगार ईरान के हमले के बाद इजराइल आक्रामक मुद्रा में है। इजराइल ने पूरी ताकत के साथ लेबनान में तबाही मचाने के बाद गाजा में हवाई हमले कर हमास के तमाम लड़ाकों को मौत की नींद सुला दिया। इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया में कहा है कि पिछले दिनों रातभर आईडीएफ के लड़ाकू विमानों ने दक्षिणी लेबनान के सेद्दीकीन, मातमौरा, लब्बौनेह और आयता राख शब के इलाकों में एयर स्ट्राइक कर एक लॉन्च पोस्ट, आतंकवादियों के बुनियादी ढांचे और सैन्य परिसरों सहित हिजबुल्लाह के आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इसके अलावा आईडीएफ सैनिकों ने दक्षिणी लेबनान में आयता राख शब और लब्बौनेह के क्षेत्रों में हमला किया। पिछले 24 घंटे में गाजा पट्टी पर हमास आतंकियों के 40 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। यह हमले सटीक और कामयाब रहे। इजराइल की थल सेना ने कई हमास आतंकियों को मार गिराया। कई ठिकानों को तबाह कर दिया। आईडीएफ ने कहा है कि उसके फाइटर जेट ने गाजा पट्टी पर 24 घंटे में 40 बार एयर स्ट्राइक की। इस दौरान हमास आतंकियों के ठिकानों पर ताबड़तोड़ बम गिराए। मिसाइलें और रॉकेट्स दागे। इजराइल ने आरोप लगाया है कि हमास आतंकियों को ईरान धन, हथियार और अन्य चीजें मुहैया कराता है। इसलिए इजराइल ने गाजा पट्टी में दोबारा हमास आतंकियों के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया है।

## लोकसभा चुनाव से पहले 'आप' ने लॉन्च किया 'रामराज्य वेबसाइट'

**नई दिल्ली**
आम आदमी पार्टी ने रामनवमी के दिन बुधवार को रामराज्य की अवधारणा पर एक वेबसाइट को लांच की। ह्यआपका रामराज्य डॉट कामह्ण पर जाकर लोग आम आदमी पार्टी किस तरह रामराज्य की अवधारणा पर काम कर रही है इसे देख सकते हैं। आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव से पहले इस वेबसाइट को इसलिए लांच किया है, जिससे लोग उनकी पार्टी के कामों को देखे।

# रामलला का हुआ सूर्यतिलक...

## रामलला का सूर्य अभिषेक दोपहर 12 बजकर 01 मिनट पर हुआ, सूर्य की किरणें रामलला के चेहरे पर पड़ीं





**अयोध्या**
रामलला का सूर्य अभिषेक दोपहर 12 बजकर 01 मिनट पर हुआ। सूर्य की किरणें रामलला के चेहरे पर पड़ीं। करीब 75 मिमी का टीका राम के चेहरे पर बना। दुनिया भक्ति और विज्ञान के अद्भुत संगम को भक्तिभाव से निहारती रही। यह धर्म और विज्ञान का भी चमत्कारिक मेल रहा। इस सूर्य तिलक के लिए वैज्ञानिकों ने कई महीने से तैयारी की थी। इसके लिए कई ट्रायल किए गए। दोपहर में जैसे ही घड़ी में 12 बजकर 01 मिनट हुए सूर्य की किरणें सीधा राम के चेहरे पर पहुंच गईं। 12 बजकर एक मिनट से 12 बजकर 6 मिनट तक सूर्य अभिषेक होता रहा। पूरे पांच मिनट तक यह प्रक्रिया चली।

**पांच मिनट तक बना रहा टीका**
वैज्ञानिकों ने बीते 20 वर्षों में अयोध्या के आकाश में सूर्य की गति अध्ययन किया है। सटीक दिशा आदि का निर्धारण करके मंदिर के ऊपरी तल पर रिफ्लेक्टर और लेंस स्थापित किया है। सूर्य रश्मियों को घुमा फिराकर रामलला के ललाट तक पहुंचाया गया। सूर्य की किरणें ऊपरी तल के लेंस पर पड़ीं। उसके बाद तीन लेंस से होती हुई दूसरे तल के मिरर पर आईं। अंत में सूर्य की किरणें रामलला के ललाट पर 75 मिलीमीटर के टीके के रूप में दैदीप्तिमान होती रहीं और ये लगभग पांच मिनट तक टिकी रहीं। सूर्य तिलक के लिए आईआईटी रुड़की सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट ने एक खास ऑप्टोमैकेनिकल सिस्टम तैयार किया है। इसमें मंदिर के सबसे ऊपरी तल (तीसरे तल) पर लगे दर्पण पर ठीक दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें पडेंग़ी। दर्पण से 90 डिग्री पर परावर्तित होकर ये किरणे एक पीतल के पाइप में जाएंगी। पाइप के छोर पर एक दूसरा दर्पण लगा है। इस दर्पण से सूर्य किरणें एक बार फिर से परावर्तित होंगी और पीतल की पाइप के साथ 90 डिग्री पर मुड़

## प्रधानमंत्री मोदी ने देखा सूर्य तिलक, भावुक हो उठे



**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को भगवान श्रीराम के उनके भव्य मंदिर में हुए सूर्य तिलक का प्रसारण अपने टैब पर देखा। उन्होंने इसे बेहद ही भावुक क्षण बताया। यह दृश्य देखने से पूर्व ही उन्होंने विमान में भी अपनी चप्पलें उतारी हुई थी। प्रधानमंत्री ने असम के नलबाड़ी में एक जनसभा को संबोधित करने के बाद अयोध्या में हुए सूर्य तिलक का प्रसारण देखा। इस संबंध में उन्होंने फोटो साझा करते हुए एक्स पर कहा, नलबाड़ी की सभा के बाद मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। श्रीराम जन्मभूमि का ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है। ये सूर्य तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा। उल्लेखनीय है कि देशभर में चैत्र रामनवमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विराजे रामलला का सूर्य की किरणों से सूर्य तिलक किया गया। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विगत 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का यह पहला सूर्य तिलक है। श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे भव्य मंदिर में आधुनिक और वैज्ञानिक विधि से ऐसी संरचना ही बनाई गई है कि श्रीराम जन्म के समय वहां विराजमान विग्रह के मस्तक पर पर सूर्य की सीधी रोशनी प्रकाशवान हो।

## श्रद्धालुओं को लाने के लिए लगाई गईं 300 बसें

**श्री राम जन्म**भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने कहा कि सूर्य तिलक के दौरान भक्तों को राम मंदिर के अंदर जाने की अनुमति रही। मंदिर ट्रस्ट द्वारा लगभग 100 और सरकार द्वारा 50 एलईडी लगाई गईं। लोगों ने मंदिरों के बाहर से भी समारोह देखा। इस अवसर पर रामलला को 56 प्रकार का भोग प्रसाद भी लगाया गया।

रामनवमी पर रामलला का दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए परिवहन निगम ने पूरी ताकत झोंक दी। अयोध्या परिक्षेत्र के चार डिपो अयोध्या, सुलतानपुर, अमेठी और अकबरपुर डिपो की 200 बसों का संचालन फोरलेन पुल के नीचे बालू घाट पर बने अस्थाई बस स्टेशन से किया गया। इसके अलावा लखनऊ, आजमगढ़, देवीपाटन और गोरखपुर क्षेत्र की 50-50 मेला स्पेशल बसों का संचालन विशेष रूप से अयोध्या के लिए किया गया। ये बसें सीधे अस्थाई बस स्टेशन तक चलीं।

**बढ़ाई गई दर्शन की अवधि**
ट्रस्ट ने दर्शन की अवधि भी 19 घंटे तक बढ़ा दी है, जो मंगला आरती से शुरू होकर रात 11 बजे तक जारी रहेगी। चार भोग लगाने के दौरान सिर्फ पांच मिनट के लिए पर्दा बंद रहेगा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आईजी (अयोध्या रेंज) प्रवीण कुमार ने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की गई है। आईजी ने बताया, "सभी इलाकों को जोन और सेक्टर में बांट दिया गया है। हमारे स्वयंसेवकों और फोर्स मल्टीप्लायरों को तैनात किया गया है। भारी वाहनों की आवाजाही के लिए भी व्यवस्था की गई है।"

**धनिया की पंजीरी है महत्वपूर्ण**
राम जन्मोत्सव के साथ धनिया की महत्ता भी विवेचित है। सामान्य तौर पर आटे की पंजीरी की परंपरा है, किंतु राम जन्मोत्सव के अवसर पर सूखी धनिया को पीस कर उसकी पंजीरी का प्रसाद वितरित किया जाता है। जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य के अनुसार इसमें राम जन्मोत्सव की मिठास घुली है। प्रसव के उपरांत शिशु और मां के लिए औषधीय गुणों से युक्त धनिया की पंजीरी सोंठौरा की तरह लाभकारी मानी जाती है।

## एनडीए की सरकार 150 सीटें जीतेगी: राहुल गांधी



**गाजियाबाद**
उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के सहयोगी समाजवादी पार्टी और कांग्रेस नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कौशांबी स्थित एक होटल में राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने कहा कि गठबंधन एनडीए को गाजियाबाद से गाजीपुर तक हराएगा। राहुल गांधी ने दावा किया कि इस बार एनडीए की सरकार 150 सीटों पर सिमट कर रह जाएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि वो 2014 में आए थे 2024 में जाएंगे और इस बार विदाई भी बैंड बाजे के साथ होगी। पत्रकारों को संबोधित करते हुए पहले अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार पश्चिम से बदलाव की हवा चली है। जनता भाजपा के झूठ और वादा खिलाफी से तंग आ चुकी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बनकर रह गई है। राहुल गांधी ने कहा कि यह विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ आरएसएस और बीजेपी संविधान को खत्म करने की कोशिश में है तो दूसरी ओर गठबंधन लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए चुनाव लड़ रही है।

## केजरीवाल को जेल से सरकार चलाने देने की मांग, दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका




**नई दिल्ली**
तिहाड़ में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल से सरकार चलाने की मांग करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है। वकील श्रीकांत प्रसाद ने दायर याचिका में अरविंद केजरीवाल को अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बातचीत करने की इजाजत दिए जाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि न तो देश का संविधान और न ही कोई कानून प्रधानमंत्री या किसी मुख्यमंत्री को जेल से सरकार चलाने से रोकता है। ऐसे में अरविंद केजरीवाल को अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बात करने के लिए जरूरी प्रबंध करने के दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। याचिका में मांग की गई है कि मीडिया को अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे और दिल्ली में राष्ट्रपति शासन से संबंधित सनसनीखेज खबरें और हेडलाइन चलाने से रोका जाए। याचिका में दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के खिलाफ केजरीवाल पर इस्तीफा देने के लिए दबाव बनाने, 10 अप्रैल को दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर किए गए विरोध प्रदर्शन के लिए कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पिछले सात सालों में दिल्ली सरकार ने स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। वर्तमान में दिल्ली की स्थिति जनता के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने जैसी है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 15 मार्च को केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी थी।

## समलैंगिक समुदाय के लिए कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में बनी समिति



**नई दिल्ली**
**केंद्र सरकार ने** समलैंगिक समुदाय के मुद्दों पर गौर करने के लिए कैबिनेट सचिव के तहत एक समिति का गठन कराया है। इसके तहत समलैंगिक को गैर भेदभावपूर्ण तौर पर सेवा के उपाय दिए जाएंगे। यह समिति जांच करेगी कि समलैंगिक समुदाय को किसी सेवा या वस्तु पहुंचने में कोई भेदभाव न मिले। न ही उन्हें कोई हिंसा, उत्पीड़न का सामना करना पड़े। 17 अक्टूबर को, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से समलैंगिक व्यक्तियों के लिए लाभों पर विचार करने के लिए कैबिनेट सचिव के तहत एक समिति गठित करने को कहा। मंगलवार को एक अधिसूचना जारी की गई।

इसके तहत केंद्र और राज्य सरकार की ओर से समलैंगिक समुदाय को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो, उनके साथ कोई भेदभाव न हो। समिति जांच करेगी कि समलैंगिक समुदाय को सेवा या किसी योजना के पहुंचने में कोई समस्या न हो। सरकार के समलैंगिक समुदाय के लिए किए जा रहे उपाय की जांच भी लगेगा। समिति को इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि समलैंगिक समुदाय के मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा जाए। इन समुदाय के सामाजिक कल्याण अधिकारों को गैर-भेदभावपूर्ण तरीके से सुरक्षित किया जाए।

**ये हैं समिति के सदस्य**
समलैंगिक समुदाय के लिए बनाई गई समिति के सदस्यों में केंद्रीय गृह सचिव, विधायी सचिव, स्वास्थ्य सचिव, महिला एवं बाल विकास सचिव और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सचिव समिति के अन्य सदस्य शामिल हैं। जारी अधिसूचना में यह भी कहा है कि समिति के सदस्यों को आवश्यकता हो तो वे अन्य सदस्यों को भी शामिल कर सकते हैं।

## भारत के वोटरों में चौंकाने की आदत: सैम पित्रोदा

### इंदिरा ने इमरजेंसी लगाई तो लोगों ने बाहर कर दिया था, चुनाव नतीजों पर जल्दबाजी न करें



**शिकागो**
इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा को उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और कठउक्र गुट अच्छा प्रदर्शन करेगा। उन्होंने कहा- भारतीय मतदाताओं में चौंकाने की प्रवृत्ति होती है। उन्होंने आगे कहा- हमें दो महीने का इंतजार करना होगा और चुनाव के नतीजे पता चल जाएंगे। अभी यह अनुमान लगाने की जरूरत नहीं है कि क्या होगा। इंदिरा गांधी ने जब इमरजेंसी लगाई तो उन्हें बाहर कर दिया गया। बाद में उनकी दोबारा वापसी हुई। इसलिए इंडियन वोटर्स की बुद्धिमत्ता को कम मत आंकिए। पित्रोदा ने कहा- अगर भारतीय मतदाताओं को लगता है कि वे एक लोकतांत्रिक देश में रहना चाहते हैं, वे एक गैर-तानाशाही वाले माहौल में रहना चाहते हैं, वे चाहते हैं कि संस्थाएं काम करें, वे स्वतंत्रता, लचीलापन चाहते हैं। वे अपने पसंदीदा धर्म का पालन करना चाहते हैं।

## बहुत कम समय में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेकेंगे: शाह

**नई दिल्ली**
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ मिली सफलता को केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार की उपलब्धि बताया है। उन्होंने विश्वास जताया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत कम समय में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेंका जाएगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के कांकेर जिलान्तर्गत हापाटोला जंगल में मंगलवार को नक्सलियों से मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। इनामी नक्सली कमांडर सहित 29 नक्सली मारे गए हैं। घटनास्थल से बड़ी संख्या में हथियारों की बरामदगी हुई है। इसे सुरक्षा बलों की बड़ी सफलता बताते हुए गृह मंत्री ने आज एक बयान में कहा कि मोदी सरकार ने देश से नक्सलवाद और आतंकवाद को उखाड़ फेंकने का एक सतत अभियान चलाया हुआ है।

## थम गया पहले चरण का चुनाव प्रचार, शुक्रवार को होगा मतदान



**नई दिल्ली**
लोकसभा चुनाव के लिए 21 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 102 संसदीय क्षेत्रों तथा अरुणाचल एवं सिक्किम की 92 विधानसभा क्षेत्रों के लिए बुधवार शाम चुनाव प्रचार थम गया। इन सभी लोकसभा एवं विधानसभा सीटों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल सहित कई दिग्गज नेताओं का भाग्य पहले चरण के मतदान के बाद वोटिंग मशीनों में बंद हो जाएगा और 4 जून को नतीजे आयेंगे। हालांकि सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के नतीजे 2 जून को ही आ जायेंगे। पहले चरण में लोकसभा के लिए अरुणाचल प्रदेश की सभी दो, असम की 14, बिहार की चार, छत्तीसगढ़ की 11, मध्य प्रदेश छह सीट, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो सीट, मेघालय की सभी दो सीट, मिजोरम की एक, सिक्किम की एक, नगालैंड की एक, राजस्थान की 12, तमिलनाडु की सभी 39, त्रिपुरा की एक सीट, उत्तर प्रदेश की आठ, लक्षद्वीप की एकमात्र, पुडुचेरी की एकमात्र, उत्तराखंड की सभी पांच, पश्चिम बंगाल की तीन, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की एकमात्र और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर मतदान होगा। पहले चरण के चुनाव में उत्तर प्रदेश की सहारनपुर, रामपुर, पीलीभीत, मुजफ्फरनगर, असम की डिब्रूगढ़, सोनितपुर, छत्तीसगढ़ की बस्तर, बिहार की जमुई, गया तथा जम्मू कश्मीर की उधमपुर सीट काफी महत्वपूर्ण है। इसी तरह से मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा, तमिलनाडु की चेन्नई उत्तर, चेन्नई दक्षिण, चेन्नई सेंट्रल, कोयंबटूर, थूथुक्कुडी, तिरुनेलवेली, कन्याकुमारी, मणिपुर दो आंतरिक और बाह्य सीट, राजस्थान की बीकानेर और पश्चिम बंगाल की कूचबिहार और अलीपुरद्वार अहम सीट है। इन सीटों पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। इसी चरण में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर से जीत की हैट्रिक लगाने की चाह में हैं। दो बार के सांसद और केन्द्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह उधमपुर में हैट्रिक लगाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। 52 वर्षीय केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने 2004 से तीन बार अरुणाचल पश्चिम सीट निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है। केन्द्रीय मंत्री एवं असम के पूर्व मुख्यमंत्री सबार्नंद सोनोवाल असम के डिब्रूगढ़ से लोकसभा में वापसी की उम्मीद कर रहे हैं।

जाट बहुल सीट मुजफ्फरनगर से केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान फिर चुनावी मैदान में हैं। अलवर से केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सदस्य भूपेन्द्र यादव अपनी किस्मत अजमा रहे हैं।

बीकानेर से केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, तमिलनाडु की नीलगिरी लोकसभा सीट से केन्द्रीय मंत्री एल मुरुगन चुनाव मैदान में हैं। मुरुगन मध्य प्रदेश से राज्यसभा सदस्य हैं। तेज तर्रार नेता की छवि बनाए तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई कोयंबटूर से चुनाव लड़ रहे हैं। शिवगंगा के सांसद कार्ति चिदंबरम फिर से चुनाव मैदान में हैं।

# मंत्री नंदी और पूर्व महापौर ने हवन-पूजन के साथ किया कन्या पूजन



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी एवं पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने बुधवार को चैत्र नवरात्रि की महानवमी पर बहादुरगंज स्थित आवास पर आदि शक्ति मां दुर्गा का नौ दिनों का अखंड व्रत संकल्प

## पांव पखार कर लिया आशीर्वाद

पूरा कर सपरिवार मां दुर्गा की स्तुति के साथ ही हवन-पूजन किया। हवन पूजन के साथ ही कन्यापूजन करते हुए कन्याओं के पांव पखारे और भोजन प्रसाद खिलाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

मंत्री नंदी और पूर्व महापौर ने पीतल के परात में लोटे के जल से कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे। उनके पैरों में रंग लगाया। वहीं माथे पर रोली, चंदन, दही, अक्षत का तिलक लगाकर व चुनरी ओढ़ाकर उपहार एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आरती उतारी वहीं अपने हाथों से भोजन परोसा।

मंत्री नंदी ने कहा कि बेटियां सुख, समृद्धि और प्रगति का आधार हैं। इनकी पूजा सर्वोत्तम पूजा है। मंत्री नन्दी ने कहा कि नवरात्रि आदिशक्ति की आराधना का पर्व है, जो सर्वशक्तिमान और सर्वव्यापी हैं। नवरात्रि इन्हीं जगत जननी को समर्पित है और भारतीय संस्कृति में कुमारी कन्याओं को साक्षात देवी स्वरूपा माना गया है। मंत्री नन्दी ने कहा कि आज के समय में बेटियां किसी भी मायने और किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं हैं। हर क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। इसलिए आज के समय में बेटियों को सशक्त और समृद्ध बनाते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। जिसके लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। मंत्री नन्दी ने कहा कि किसी भी देश, राज्य या समाज के लिए नारी सशक्तिकरण बहुत ही आवश्यक है।

## महानवमी को नौ दुर्गा के रूप में किया गया कन्या पूजन, पांव पखार कर लिया आशीष

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** चैत्र नवरात्रि की महानवमी को नवदुर्गा के रूप में कन्या पूजन किया गया। कन्याओं के पैर में महावर लगाकर माला पहनाकर खीर और पूड़ी का भोग लगाया गया। पांव पखारकर आशीर्वाद लिया गया। बुधवार को घर से लेकर देवी मंदिरों तक कन्या का पूजन किया गया। इसके बाद विधि विधान से हवन करके मां दुर्गा को अगले वर्ष फिर आने का निमंत्रण देकर विदा किया गया। ललिता देवी, कल्याणी देवी, अलोप शंकरी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ रही। देर रात तक लोगों ने पूजन हवन कर देवी का दर्शन किया। महानिर्वाणी अखाड़े में नवरात्रि के नवमी के दिन कन्याओं का पूजन किया गया अखाड़े के महाप्रबंधक महंत यनुमापुरी जी के कन्याओं का चरण धो कर उनका तिलक कर के और चुनरी माला पहनाकर आरती किए उसके बाद कन्याओं को भोजन प्रसाद कराया और उन्हें उनके भविष्य को देखते हुए कापी किताब और पेन दिए महंत यमुनापुरी जी ने कहा की कन्या पूजन से घर सुख समृद्धि प्राप्त होती है इसलिए नवरात्रि में सभी माता के भक्तजनों को कन्यापूजन करना चाहिए।

# २३ अप्रैल से पहले जारी होगा यूपी बोर्ड का रिजल्ट

## हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा का रिजल्ट तैयार हो चुका है

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा का रिजल्ट तैयार हो चुका है। अब सिर्फ रिजल्ट घोषित करने की तैयारी है। रिजल्ट 23 अप्रैल के पहले कभी भी घोषित किया




जा सकता है। सिर्फ रिजल्ट घोषित करने की तारीख पर अंतिम मुहर लगनी बाकी है।दरअसल, पिछले वर्ष यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम 25 अप्रैल को घोषित किया गया था। इस बार मूल्यांकन का कार्य भी समय से पूरा हो गया था। यही कारण है कि यूपी बोर्ड पिछले वर्ष का रिकार्ड तोड़कर इस बार उससे पहले ही परिणाम घोषित करने की तैयारी में है। यूपी बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ल की ओर से भी तैयारी पूरी कर ली गई है।

### 52 लाख परीक्षार्थियों को है रिजल्ट का इंतजार

यूपी बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल 2024 की परीक्षा में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के कुल 55,25,308 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे लेकिन इसमें 51,99,308 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी बाकी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। अब इन छात्रों को रिजल्ट का इंतजार है। रिजल्ट के हिसाब से यह छात्र-छात्राएं आगे की पढ़ाई करने की योजना बनाएंगे। यूपी बोर्ड की परीक्षा इस बार 22 फरवरी से शुरू हुई थी जो नौ मार्च तक चली थी, यानी कुल 12 कार्यदिवसों में परीक्षा संपन्न हो गई थी। इसी तरह मूल्यांकन कार्य में भी तेजी दिखी। 16 मार्च से मूल्यांकन शुरू होकर 31 मार्च तक पूरा कर लिया गया था।

# ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मेजा के भाई के असमय निधन पर भाजपाइयों ने की शोक सभा



**अखंड भारत संदेश**

**मेज़ा/प्रयागराज।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा प्रसाद मिश्र के छोटे भाई विनोद कुमार मिश्रा का मंगलवार को आकस्मिक निधन से क्षेत्र के लोगों ने दुख जताया है। उल्लेखनीय है कि खीरी थाना क्षेत्र के पूरा दत्तू गांव के रहने वाले गोकुल वासी विनोद कुमार मिश्रा का बीते 9 अप्रैल को आकस्मिक मौत हो गई थी वे 65 वर्ष के थे। जिसके परिपेक्ष्य में शोक संवेदना व्यक्त करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह गहरा दुःख प्रकट करते हुए कहा कि गोकुलवासी विनोद मिश्रा हम सब के बीच नहीं हैं उनकी कमी सदैव रहेगी।

भतीजे विवेक कुमार मिश्रा उर्फ आशु किसान मोर्चा जिला मंत्री का पूरा परिवार संघठन के प्रति समर्पित है। ऐसे में आज हम सभी किसान मोर्चा के जिला पदाधिकरियों द्वारा उस पुण्य आत्मा के लिए शोक संवेदना व्यक्त करते हैं। किसान मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी नीरज कुमार द्विवेदी ने कहा कि ऐसे पुण्य आत्मा को प्रभु श्रीहरि अपने चरणों में जगह दे। गौरतलब है कि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मेज़ा के भाई की असमय मौत पर पार्टी नेता आदेश सिंह सेवालाल पटेल, तारा शंकर पांडे,राजेश शुक्ला, हृदयेश मिश्रा, दिनेश तिवारी तथा नीरज कुमार द्विवेदी, आदि ने जहां दुःख जताया है वहीं भतीजे भाजपा नेता विवेक कुमार मिश्रा ने कहा कि चाचा ने हम सभी को सेवा का मौका भी नहीं दिया। परिवार में उनकी कमियां सदैव रहेगी।

## एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में विजई टीम हुई पुरस्कृत

**सहसों/प्रयागराज।** क्षेत्र के उमरपुर बदल का पूरा गांव में एक दिवसीय जय मां शारदा क्रिकेट कप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेता सत्यम हिंदू ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में राजा मिश्रा की अगुवाई में मां शारदा क्रिकेट क्लब, महेंद्र पांडे की अगुवाई में ओल्ड कोबरा, राहुल पटेल की अगुवाई में बदनाम 11 एवं प्रवीण जायसवाल की अगुवाई में फ्यूचर 11 चार टीमों ने भाग लेते मैदान में उतरी। पहला मैच बदनाम 11 एवं फ्यूचर 11 के बीच हुआ जिसमें फ्यूचर 11 की टीम विजई रही। दूसरा मैच ओल्ड कोबरा एवं मां शारदा क्रिकेट क्लब के बीच हुआ जिसमें मां शारदा क्रिकेट क्लब विजयी रही। फाइनल मुकाबला मां शारदा क्रिकेट क्लब एवं फ्यूचर 11 के बीच खेली गई। जिसमें मां शारदा क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मैच जीतकर चैंपियन रही। टूर्नामेंट प्रतियोगिता में बेस्ट बॉलर फ्यूचर 11 टीम के प्रवीण जायसवाल एवं बेस्ट बैट्समैन राजू पांडे रहे। टूर्नामेंट के आयोजक शिवांश पांडे ने प्रतियोगी टीम एवं बेस्ट खिलाड़ियों को कप एवं अवार्ड तथा अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राम मूरत पांडे, कुशल पांडे, आदर्श तिवारी, किशन पांडे, बलराम मिश्रा, पवन कुमार पांडे सहित आदि दर्शक मैच का आनंद लेते उपस्थित रहे।

# आडियो जारी कर हरिशंकर शर्मा ने ग्रामीणों को किया जागरूक

## गांव एवं क्षेत्र के विकास का मूल कर्णधार हैं कुंवर साहब : पप्पू शर्मा

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा/प्रयागराज।** मेजा एवं करछना के जनप्रिय जमीनी नेता कुंवर रेवती रमण सिंह के बेटे एवं इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के सपा कांग्रेस गठबंधन के घोषित लोकसभा प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह के समर्थन में ग्राम पंचायत कठौली के प्रधान प्रतिनिधि हरिशंकर शर्मा पप्पू भैया ने एक आडियो के जरिए कठौली गांव में कुंवर रेवती रमण सिंह के द्वारा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों की उपलब्धियां गिनाते हुए ग्रामीणों को कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। उल्लेखनीय है कि जारी किए गए आडियो में उन्होंने कहा है कि मेजा करछना की धड़कन कहे जाने वाले कुंवर रेवती रमण



सिंह के नेतृत्व यमुनापार क्षेत्र का जो विकास हुआ है वह आज तक किसी अन्य नेता द्वारा नहीं किया गया है। यमुनापार में मेजा और करछना ऐसे विधान सभा हैं जहां कुवर साहब ने सड़कों और नहरों का जाल बिछा रखा है। जिसके कारण यहां की जनता उन्हें अपना जमीनी नेता एवं अगुवा मानती है। क्षेत्र का बच्चा बच्चा कुंवर मनी के नाम से भली भांति जानता है। प्रधान प्रतिनिधि श्री शर्मा ने आगे कहा कि देश की सक्रिय राजनीति में कई बार विधायक सांसद एवं मंत्री रहे कुवर रेवती रमण सिंह द्वारा यमुनापार में कई ऐसे ऐतिहासिक कार्य किए गए है जो आज मिशाल बनी हुई है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कठौली पप्पू भैया ने जारी किए गए आडियो में ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा है कि बीते तीन माह पूर्व रेलवे अधिकारियों द्वारा कठौली रेलवे क्रासिंग बंद कर दिया गया है लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जैसे ही इस बात की जानकारी कुंवर साहब को हुई उन्होंने तत्काल रेलवे अधिकारियों से बात कर अंडर पास पुलिया पास कराया साथ ही साथ जल जीवन मिशन के तहत कठौली गांव के ग्रामीणों को शुद्ध पानी पीने के लिए आवंटित चार करोड़ का प्रोजेक्ट जो अधिकारियों की मिली भगत से कहीं अन्यत्र ले जाया जा रहा था उसे रोकने का काम केवल कुंवर रेवती रमण सिंह ने किया था। प्रधान प्रतिनिधि हरिशंकर शर्मा में सभी ग्राम वासियों को बताया है कुंवर साहब के द्वारा कठौली गांव के प्रति किया गया एहसान चुकाने का अब समय आ गया है जब कठौली गांव की जनता लोक सभा चुनाव में उज्जवल रमण सिंह को भारी मतो से विजई बनाकर उन्हें देश की संसद में भेजें और गांव एवं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान दें।

# बैंक आफ बड़ौदा के प्रबंधक ने बैठक कर ग्राहकों को लोन व मतदान के लिए किया जागरूक



**अखंड भारत संदेश**

**मेजा/प्रयागराज।** बैंक आफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक राशिद अंसारी के नेतृत्व में एक आवश्यक बैठकआयोजित की गई जिसमें ग्राहकों को बैंक लोन संबंधित जानकारी के साथ साथ मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार को हुई बैठक में बैंक से संबंधित फायदे एवं बैंक लोन संबंधी जानकारी ग्राहकों को दी गई। साथ ही साथ लोगों को मतदाता जागरूकता का भी संदेश दिया गया।इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय, मुन्ना तिवारी, श्रीनाथ, साधू शर्मा, अपूर्व पंत, शेखर, अरुण, राकेश, निशांत, अभिषेक पाठक, विपिन यादव, अनिल मिश्रा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# शार्ट सर्किट से दो बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई राख

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापपुर/प्रयागराज।** रामप्रसाद पटेल, रामचंद्र पटेल पुत्र बद्री प्रसाद पटेल निवासी करुआडीह, थानांतर्गत फूलपुर के गेहूं की फसल में आग लग गई जिसमें दो बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है। ग्रामीणों के अनुसार एक बीघा गेहूं की फसल काटकर बोझ बांधकर खेत में रखा गया था वह जल गया और साथ में एक बीघा खड़ी गेहूं की फसल भी जलकर राख हो गई जब तक लोग आग बुझाते तब तक देखते-देखते दो बीघा बीघा गेहूं



की फसल जलकर राख हो गई।रामप्रसाद पटेल, रामचंद्र पटेल के अनुसार बुधवार दोपहर 1 बजे सूचना मिली कि गेंहू के खेत में आग लग गई है परिवार एवं गांव के लोग दौड़कर पहुंचे तो देखा कि बिजली के तार से शार्ट सर्किट होने पर गेहूं की फसल जल रही है लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन तब तक दो बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर अग्निशमन गाड़ी भी मौके पर पहुंची लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।फसल जलने पर किसानों में मायूसी एवं कष्ट दिखाई पड़ा अपनी आंखों के सामने अपनी लागत, परिश्रम बर्बाद होता देखकर, क्योंकि फसल की कटाई हो रही थी कि अचानक जलकर राख हो गई।



# प्रतापपुर में श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकली

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापपुर।** श्री राम जन्मोत्सव के पावन पर्व पर बुधवार को प्रतापपुर बाजार में बजरंग दल के सौजन्य से श्री राम लक्ष्मण की झांकी के साथ भए प्रगट कृपाला, जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे, जब चलेला बाबा क बुलडोजर, हर हर शंभू, राधा रानी आदि गीतों के साथ एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई तजिसमें बजरंग दल के सभी कार्यकर्ता, व्यापारी वर्ग क्षेत्रीय जनमानस के उल्लास से एवं गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष श्याम बिहारी पांडेय, मंडल प्रभारी द्वय मनोज सिंह आचार्य व सभाजीत मिश्र, डॉ साधू चरण तिवारी, राजकुमार पटेल, प्रेमचंद्र केसरी, राजाबाबू केसरवानी, संजय केसरवानी, बाबा केसरवानी, विजय प्रताप केसरवानी, शिवकुमार केसरवानी, शुभम सोनी, जमुना सिंह, शिवशंकर जायसवाल, शिवबाबू जायसवाल, अस्मित, अवनीश जायसवाल, श्यामजी त्रिपाठी, बब्बूलाल सोनी, श्रीचंद केसरवानी, जमुना सोनी, शीतला सोनी, मुन्ना सोनी सहित सैकड़ों जनमानस शोभायात्रा में सम्मिलित रहे।

## श्री श्री बाल रामलीला समिति द्वारा रामनवमी के पर्व पर सुंदरकांड का पाठ कराया गया

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** श्री श्री बाल रामलीला समिति सिविल लाइंस प्रयागराज के चबूतरे पर रामनवमी के अवसर पर सुंदर कांड का पाठ रामलीला चबूतरे पर कराया गया। अवसर पर भगवान राम लक्ष्मण माता सीता भगवान श्री हनुमान को याद करके रामनवमी का उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम के दौरान अनिल गुप्ता डिप्टी चेयरमैन, अमित सिंह बबलू अध्यक्ष वा सिविल लाइंस वरिष्ठ पार्षद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष यादव, उपाध्यक्ष बबलू सिंह रघुवंशी पार्षद सिविल लाइंस अजीत जायसवाल महामंत्री, जगदीश कुमार निर्देशक, शंकर सुमन प्रबंधक अरविंद यादव, विशाल कनौजिया उपाध्यक्ष रणवीर सिंह अमित श्रीवास्तव अनुज दुबे राजकिशोर रितेश, पंकज चौधरी, आदि लोग उपस्थित रहे।

# दिघिया बाजार में सड़क डिवाइडर से टकराई बाइक, शादी की खुशियां गम में बदलीं

**अखंड भारत संदेश**

**मांडा/प्रयागराज।** शादी का निमंत्रण कार्ड देकर घर वापस लौट रहे मिर्जापुर जनपद के थाना जिगना निवासी अधेड़ की बाइक मांडा दिघिया में सड़क डिवाइडर से टकरा गई।जिससे बाइक सवार अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई और एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को नजदीकी अस्पताल

## सड़क हादसे में अधेड़ की मौत, एक घायल

में भर्ती कराया।

मंगलवार को मिर्जापुर जनपद के थाना जिगना गांव कामापुर निवासी इंद्रमणि (50) बेटे के शादी का निमंत्रण कार्ड बांटने के लिए बाइक से निकले थे। उक्त दौरान उनका भतीजा लवकुश भी साथ में था। वहीं अपने बेटी के सुसराल मेजा गांव नेवढ़िया निवासी फोटो देवी के घर शादी का निमंत्रण कार्ड देकर घर वापस लौटने लगे। प्रयागराज- मिर्जापुर राजमार्ग स्थित मांडा दिघिया गांव के सामने पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर बाइक सड़क डिवाइडर से टकरा गई। जिससे इंद्रमणि की मौके पर ही मौत हो गई। वही भतीजा लवकुश गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर दरोगा संनेश बाबू गौतम मौके पर पहुंचे और घायल को सीएचसी मांडा में भर्ती कराया। मृतक के परिजनों को सूचना दी। सूचना पर मृतक के बेटे गंगाधर, शिवकुमार रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंचे।मृतक के बेटे गंगाधर का विवाह 22 अप्रैल को निर्धारित था।शादी का निमंत्रण कार्ड बांटने के दौरान हुई मौत से शादी की खुशी गम में बदल गई।

## मौत की गुत्थी उलझी

# महिला सिपाही की पुरुष कांस्टेबल से थी अच्छी जान पहचान, करीबी रिश्तों को लेकर चर्चा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शाहगंज के मिन्हाजपुर में शहर में ही तैनात महिला व पुरुष सिपाही मृत पड़े मिले। सिपाही राजेश वैष्णव (27) फंदे से लटका मिला तो महिला कांस्टेबल प्रिया देवी (25) का शव बिस्तर पर पड़ा मिला। दरवाजा भीतर से बंद था। प्रारंभिक जांच पड़ताल के बाद घटना खुदकुशी या हत्या के बाद आत्महत्या की होने की आशंका है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। 2019 बैच का आरक्षी राजेश पुत्र गिरधारी लाल मूल रूप से मथुरा के धनिपुरा, थाना भगोरी का रहने वाला था और पिछले दो साल से एसीपी कोतवाली कार्यालय में तैनात था।उधर, 2020 बैच की प्रिया पुत्री अनूप कुमार तिवारी दारागंज स्थित संगम पर्यटन थाने में तैनात थीं और मूल रूप से कानपुर के नौबस्ता में भहरिया चौराहे के पास की रहने वाली थीं। राजेश शाहगंज थाने की बैरक में रहते थे। प्रिया थाने से करीब 500 मीटर दूर स्थित मिन्हाजपुर में अधिवक्ता ताहा अहमद के मकान में किराये पर रहतीं थीं। वह पहले एसीपी कोतवाली कार्यालय में तैनात रह चुकी थी और उसकी राजेश से अच्छी जान पहचान थी।









### ड्यूटी पर नहीं पहुंचने पर कमरे पर खोजने पहुंचे थे साथी पुलिसकर्मी

पुलिस के मुताबिक, मंगलवार को राजेश ड्यूटी पर नहीं पहुंचा। साथी पुलिसकर्मी बैरक में पहुंचे तो वह वहां नहीं मिला। फोन पर भी संपर्क नहीं हो पाया। राजेश अक्सर प्रिया से मिलने जाया करता था, ऐसे में सिपाही वहां पहुंचे तो कमरा भीतर से बंद मिला। कई बार आवाज देने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला तो खिड़की में बने छोटे सुराख से भीतर झांका गया। वहां राजेश फंदे पर लटका दिखाई दिया।सूचना पर एसीपी कोतवाली मनोज सिंह और कुछ ही देर बाद डीसीपी दीपक भूकर पहुंच गए। खिड़की का ग्रिल काटकर दरवाजा खोला गया। पुलिस अफसर भीतर पहुंचे तो महिला सिपाही बिस्तर पर मृत पड़ी मिली। थोड़ी देर बाद पुलिस आयुक्त रमित शर्मा भी आ गए। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर बुलाई गई। जांच पड़ताल के बाद दोनों शवों को मोर्चरी भेज दिया गया।

### विवाद के बाद उठाया आत्मघाती कदम

पुलिस सूत्रों का कहना है कि दोनों के बीच करीबी संबंध थे। मौके की जो हालत थी, उससे यह तो लगभग साफ है कि राजेश ने फांसी लगाई। महिला सिपाही की मौत कैसे हुई, यह फिलहाल पता नहीं चल सका है। उसके गले में हल्का सा निशान भी मिला है। एक आशंका है कि उसने जहरीला पदार्थ खाया हो। दूसरी आशंका हत्या के बाद खुदकुशी किए जाने की भी जताई जा रही है। घटना की वजह को लेकर भी तरह तरह की चर्चाएं रहीं।प्रथमदृष्टया यह प्रतीत हो रहा है कि पुरुष सिपाही ने खुदकुशी की। महिला सिपाही की मौत कैसे हुई, यह नहीं पता चल पाया है। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही स्पष्ट हो सकेगा। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। - रमित शर्मा, पुलिस आयुक्त

### दोनों के शवों का किया गया पोस्टमार्टम

महिला और पुरुष सिपाही का शव मिलने के बाद दूसरे दिन बुधवार को दोनों के शवों का पोस्टमार्टम किया गया। सिपाही का भाई मौके पर पहुंचा। परिवार के अन्य लोग भी चीरघर पहुंचे थे। परिजन कुछ भी बोलने के लिए तैयार नहीं थे। महकमे में भी दोनों की मौत को लेकर दिन भर चर्चा रही।

### महिला सिपाही का प्रयागराज में हुआ अंतिम संस्कार, राजेश का शव मथुरा ले गए परिजन

शाहगंज में एक दिन पहले कमरे में मृत मिले महिला और पुरुष सिपाही की मौत का राज फिलहाल नहीं खुल सका है। बुधवार को मथुरा और कानपुर से आए दोनों के परिजनों ने चुप्पी साधी रखी और कुछ बोलने से इनकार कर दिया। महिला सिपाही प्रिया देवी के शव का भोर में ही पोस्टमार्टम कराया गया जिसके बाद परिजनों ने रसूलाबाद घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।उधर सिपाही राजेश वैष्णव का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजन लेकर मथुरा चले गए। मर्चरी पर उसके भाई और पिता के साथ-साथ पत्नी नीतू भी पहुंची थी। फिलहाल उन्होंने किसी से कोई बात नहीं की। किसी पक्ष की ओर से कोई शिकायत भी पुलिस में नहीं दी गई है। पुलिस अफसरों का कहना है कि फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिली है।

# बस और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में बाइक पर बैठे व्यक्ति की हुई मौत

### मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बस चालक के विरुद्ध लिखा मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव/प्रयागराज।** कोरांव थाना क्षेत्र के खिवली कला गांव के पास रत्यौरा बड़ोखर मार्ग पर भोगन बेलन नदी के पुल से पहले बस और बाइक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो जाने से बाइक पर बैठे शख्स की मौत हो गई।

जबकि बाइक चालक बाल बाल बच गया। जानकारी के मुताबिक वीरेंद्र कुमार पुत्र स्व. राजेंद्र प्रसाद व रवि शंकर पुत्र स्व. राम अभिलाष निवासीगण छिपिहा भागेसर बाइक से किसी काम को लेकर बड़ोखर बाजार गए हुए थे। दोपहर 1 बजे के आसपास दोनों बाइक से अपने घर लौट रहे थे कि खिवली गांव में भोगन गांव में बेलन नदी पर बने पुल के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित बस की बाइक सवार से आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक पर बैठे रवि शंकर का हाथ व पैर टूट गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव ले आया गया। जहां उसकी हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल उपचार के लिए ले जाते समय रास्ते में ही घायल रवि शंकर ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद परिजन शव लेकर थाने पहुंच गए। पुलिस ने पंचनामा की कार्यवाही कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक रवि शंकर को दो पुत्रियां खुशी और खुशबू तथा पुत्र रुद्र हैं। हादसे के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। घर की महिलाएं थाने पर ही दहाड़े मार कर रो रही थी। पुलिस बस को हिरासत में लेकर आरोपी चालक की गिरफ्तारी के लिए दबिश शुरू कर दी है। बाइक भतीजा वीरेंद्र कुमार चला रहा था। मृतक रवि शंकर बाइक पर पीछे बैठा था।

### हप्ते भर बाद नल में आया पानी तब मिली राहत

**झूंसी।** हवेलिया के गंगादीप कालोनी में लगी जलनिगम की मोटर ठीक हुई तब बुधवार दोपहर लोगो के नलों में पानी आया जिसके बाद लोगो को राहत मिली। हप्ते भर से पेय जल की मोटर खराब थी। जिसकी वजह से बड़ी आबादी पानी के लिए परेशान थी। हवेलिया के गंगादीप में बड़ी आबादी में पेय जल सप्लाई के लिए ओवरहेड टैंक व सप्लाई के लिए मोटर लगाई गई थी। मोटर में आये दिन खराबी की वजह से दर्जनों कालोनी में जल संकट उत्पन्न हो जाता है। गंगादीप कालोनी में रहने वाले विनय सिंह बताया कि ओवरहेड टैंक लीक है बनने के बाद कभी भरा नही गया। मोटर से ही सप्लाई होती है। मोटर खराब होने से लोगो को पानी की किल्लत झेलनी पड़ती है। हप्ते भर से मोटर खराब थी नवरात्र व गर्मी में लोगो को पानी के लिए भटकना पड़ रहा था।

# कन्याओं का पांव पखार कर मां से मांगा सुख समृद्धि का आशीर्वाद





**अखंड भारत संदेश**

**सहसों/प्रयागराज।** वासंतिक नवरात्रि के नौवें दिन सहसों के राम जानकी मंदिर एवं बजरंग दल दुर्गा पूजा कमेटी रामलीला मैदान सहसों में आयोजित पूजा पंडाल में मां सिद्धिदात्री के रूप में मां जगदंबा की धूप, दीप, नैवेद्य के साथ आचार्य विद्वान द्वारा विधि विधान से पूजन, अर्चन, हवन एवं महाआरती की गई। पश्चात कन्याओं का पूजन तथा पांव पखार कर भोजन तथा दक्षिणा के रूप में द्रव्य देकर माता रानी से मनवांछित फल तथा सुख समृद्धि मांगते हुए आशीर्वाद लिया गया। इसी प्रकार माता चौरा स्थल भोपतपुर मीरापुर में मुख्य यजमान अभयराज सिंह व राम सिंह के संयोजन में नौ दिनों तक भक्तों द्वारा भजन कीर्तन जाप एवं आरती कर मां भगवती का अनुष्ठान कार्यक्रम चला। जिसमें ग्रामीण सभी भक्त नर नारियों ने मां के चरणों में शीश नवाते हुए प्रतिदिन पूजा पाठ कर मां का आशीर्वाद लिया। अनुष्ठान में लालजी प्रजापति, सूर्या यादव, पुट्टीलाल सोनी, एमपी सिंह, रमेश शर्मा, रमेश पाल, कुलदीप सिंह, रोहित सिंह, राम भवन सिंह, संत बहादुर सिंह, शिव प्रसाद शर्मा, राकेश शर्मा, डी के, अच्छेलाल गुप्ता, चंद्रभान सिंह एवं गुरु दीन पाल सहित आदि भक्त मां की आराधना उपासना करते शामिल रहे। इसी तरह थानापुर गांव निवासी पिन्दू दूबे, सहसों निवासी अनिल प्रकाश शुक्ल एवं दिनेश चंद्र केसरवानी ने परिवार समेत अपनी-अपने घरों में 9वें दिन मां सिद्धिदात्री के रूप में माता जगदंबा की आचार्य पंडित दिनेश चंद्र तिवारी के द्वारा वैदिक मंत्रोचार से धूप, दीप, पूजन, अर्चन एवं हवन आरती के पश्चात कन्या पूजन तथा भोजन कराकर विदा करते हुए माता रानी के कृपा पात्र बने। इस अवसर पर भक्तों ने अयोध्या में विराजमान भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम रामलला की सूर्य की पहली किरण से तिलक का टेलीविजन एवं मोबाइल पर लाइव प्रसारण देखते हुए राम नाम संकीर्तन एवं जय श्री राम का उद्घोष कर हर्षित हो उठे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग,सात बीघा फसल जलकर खाक

**अखंड भारत संदेश**

**बारा/प्रयागराज।** क्षेत्र के नारीबारी चौकी अंतर्गत देवरा ग्राम पंचायत के बराडीह गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं के खेत में लगी आग से किसान की सात बीघा फसल जलकर नष्ट हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर में बराडीह गांव के धर्मेंद्र प्रताप सिंह के खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई ।आग की लपट उठते ही गांव में हड़कंप मच गया। आग बुझाने के लिए ग्रामीण दौड़ पड़े ।घटना की सूचना ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान रत्नाकर सिंह को दी। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना राजस्व विभाग टीम को दिया। सूचना लगते ही राजस्व विभाग की टीम लेखपाल आदि मौके पर पहुंचकर फसल के नुकसान का आकलन किया। लोगों की सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर आई। लेकिन तब तक लोग आग पर काबू कर चुके थे। आग की सूचना मिलने पर चौकी इंचार्ज अनुराग भी हमराहियों के साथ मौके पर पहुंच गए ।लोगों ने राजस्व विभाग की टीम से मुआवजे की मांग की। इस पर राजस्व विभाग की टीम ने नुकसान की रिपोर्ट शासन को भेजने की बात कही।



### चाय पर चुनावी चर्चा करते हुए किसान मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित हुए

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी/प्रयागराज।** नैनी भारतीय जनता पार्टी के सेक्टर प्रभारी प्रदीप तिवारी के निवास स्थान पर चाय पर चुनावी चर्चा करते हुए किसान मोर्चा के कार्यकर्ता गण इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा महामंत्री उमेश सेन कार्यकारिणी सदस्य सुनील विश्वकर्मा रमेश पटेल नित्यानंद मिश्रा कार्यकर्ताओं ने चुनाव की चर्चा। करते हुए भाजपा प्रत्याशी पंडित नीरज त्रिपाठी को चुनाव जीतने की योजना बनाते कार्यकर्ता ने प्रदीप तिवारी के निवास स्थान पर उपस्थित हुए।

# इलाहाबाद नहीं अब होगा प्रयागराज संग्रहालय

### राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने नाम बदलने की प्रक्रिया पूरी करने का दिया है निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** चंद्रशेखर पार्क में स्थित इलाहाबाद संग्रहालय भी अब प्रयागराज संग्रहालय के नाम से जाना जाएगा। इसके लिए लंबे समय से प्रक्रिया चल रही थी। मंगलवार को ही प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इसके लिए हरी झंडी देते हुए संग्रहालय प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि नाम बदलने की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी कर ली जाए। बता दें कि यह संग्रहालय यूपी का इकलौता संग्रहालय है जो हमारी संस्कृति और प्राचीन सभ्यता को बयां करती है।इस म्यूजियम में देश की आजादी के लिए संघर्ष करने वाले महापुरुषों व क्रांतिकारियों की




भी गाथा सुनाई है। महात्मा गांधी से लेकर चंद्रशेखर आजाद से जुड़ी अहम जानकारियां इस संग्रहालय में संरक्षित की गई है। अब हाल में ही इलाहाबाद संग्रहालय को हाइटेक भी किया गया है। यहां आजाद गैलरी भी बनाई गई है जो देश की आजादी से जुड़ी अहम घटनाओं को डिजिटल रूप से दिखाया गया है।

### और बढ़ेगी संग्रहालय की खूबसूरती

इलाहाबाद संग्रहालय के निदेशक राजेश प्रसाद ने राज्यपाल के समक्ष संग्रहालय के प्रवेश द्वार समेत प्रस्तावित डिजाइन का प्रस्तुतिकरण भी किया। निदेशक ने बताया कि संग्रहालय का प्रस्तावित गेट को भी और सुंदर बनाया जाएगा। प्रवेश द्वार पर दो गेट का प्रावधान किया गया है, एक गेट से पैदल तो दूसरे गेट से गाड़ी जाने की व्यवस्था की जाएगी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने संग्रहालय के निदेशक को सुझाव दिया है कि गेट की दीवार पर संग्रहालय की कुछ झलकियां भी चित्रों के माध्यम से दिखाया जाए।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग,सात बीघा फसल जलकर खाक

**अखंड भारत संदेश**

**बारा/प्रयागराज।** क्षेत्र के नारीबारी चौकी अंतर्गत देवरा ग्राम पंचायत के बराडीह गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं के खेत में लगी आग से किसान की सात बीघा फसल जलकर नष्ट हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर में बराडीह गांव के धर्मेंद्र प्रताप सिंह के खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई ।आग की लपट उठते ही गांव में हड़कंप मच गया। आग बुझाने के लिए ग्रामीण दौड़ पड़े ।घटना की सूचना ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान रत्नाकर सिंह को दी। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना राजस्व विभाग टीम को दिया। सूचना लगते ही राजस्व विभाग की टीम लेखपाल आदि मौके पर पहुंचकर फसल के नुकसान का आकलन किया। लोगों की सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर आई। लेकिन तब तक लोग आग पर काबू कर चुके थे। आग की सूचना मिलने पर चौकी इंचार्ज अनुराग भी हमराहियों के साथ मौके पर पहुंच गए ।लोगों ने राजस्व विभाग की टीम से मुआवजे की मांग की। इस पर राजस्व विभाग की टीम ने नुकसान की रिपोर्ट शासन को भेजने की बात कही ।किसान की फसल जल जाने से उसके पास पशुओं के लिए चारे का संकट पैदा हो गया है।

# प्रदेश में सबसे गर्म रहा प्रयागराज

### पारा हुआ 42 पार, सूर्य की तपिश और हुई तेज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** भीषण गर्मी और तपिश ने अभी से अपना उग्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। दोपहर में तेज गर्म हवा चलने से सड़कों पर भीड़ काम हो जा रही है। मंगलवार को पारा 42 डिग्री के पार पहुंच गया।

बुधवार को भी सुबह से ही भगवान भास्कर का प्रकोप शुरू हो गया। प्रदेश में प्रयागराज मंगलवार को सबसे अधिक गर्म जिला रहा। मंगलवार को यहां का तापमान 42.1 डिग्री



सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस रहा। जो कि यूपी में सबसे अधिक अधिकतम व न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। इसके अलावा मंगलवार इस वर्ष का अब तक का सबसे गर्म दिन भी रहा। सूर्य की तपिश और भी तेज हो गई है। धूप की चुभन ऐसी है जैसे यह जून का महीना हो। तेज धूप के कारण सड़क पर आम दिनों की अपेक्षा चहल-पहल कम रही।

अधिकतम व न्यूनतम तापमान में वृद्धि के साथ दिन भर गर्म हवाएं चलती रहीं। मौसम वैज्ञानिक डॉ. शैलेंद्र राय की मानें तो अगले तीन दिनों तक इस तरह की गर्मी रहेगी। इस दौरान तापमान 42 डिग्री के आसपास रहेगा। इसके अलावा न्यूनतम तापमान भी अन्य दिनों की अपेक्षा बढ़ेगा। बढ़ती गर्मी में चिकित्सकों ने लोगों को अधिक सावधान रहने की सलाह दी है। बेली अस्पताल के जनरल फिजीशियन डॉ. मंसूर अहमद का कहना है कि बाहर निकलते समय अपने साथ पानी की बोतल जरूर रखें। बाहर के खाने से परहेज करें। नीबू पानी का सेवन करें। वहीं, दूसरी तरफ हीट वेव के खतरे को देखते हुए सभी अस्पताल में बेड आरक्षित कर दिए गए हैं।

# सोशल मीडिया एवं हाईटेक अभियान की टीम ने बैठक की

### हाईटेक माध्यम से चुनाव प्रचार की रणनीतियां बनाई गई, मधुमिता नाथ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** आगामी 22 अप्रैल को होने वाले लोकसभा 52 सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन के संदर्भ में विधानसभा दक्षिणी चुनाव प्रबंधन समिति के सोशल मीडिया एवं हाईटेक अभियान की टीम ने अभियान प्रमुख मधुमिता नाथ के आवास पर सहयोगियों के साथ बैठक हुई जिसमें हाईटेक माध्यम से चुनाव प्रचार की रणनीतियां



बनाई गई। किस प्रकार मोदी जी ने आम जनता के लिए योजनाएं देकर उन्हें लाभान्वित किया है ये बाते जन जन तक सोसल मीडिया के माध्यम से पहुंचे इसके लिए टीम बूथ तक पहुंचाने के लिए रणनीति बनाई गई। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पंडित नीरज त्रिपाठी को भारी बहुमत से जिताकर केंद्र में भेजने के लिए सभी ने संकल्प लिया और सोशल मीडिया की उपयोगिता चुनाव में बहोत महत्पूर्ण है इसलिए सभी के द्वारा सोशल मीडिया का उपयोग किया जाना चाहिए। बैठक में विधानसभा स्तर पर काम देख रहे राहुल भारद्वाज, अरुन निषाद, और वैभव अग्रवाल उपस्थित रहे।

# हनुमान मंदिर चिलबिला में भक्तों ने मनाया प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव

### छप्पन भोग लगाकर भक्तों के कल्याण की की गई कामना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रामनवमी के उपलक्ष में प्राचीन हनुमान मंदिर चिलबिला पर भव्य आयोजन किया गया। सुबह से ही रामचरितमानस का अखंड पाठ का शुभारंभ मंदिर समिति के महासचिव समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य सपत्नी व सूरज उमरवैश्य आदि भक्तों ने पूजन कर किया। दोपहर में प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव भव्य मनाने के लिए भक्तगण द्वारा सुबह से ही पूरे मंदिर परिसर को सजाया गया था। प्रभु के जन्म पर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, रामगोपाल, सत्य प्रकाश केडिया, लाल जी, सूरज उमरवैश्य, श्याम बाबू, प्रमोद कुमार आदि भक्तों ने प्रभु की आरती उतारी। प्रभु श्री राम भगवान, श्री हनुमान जी महाराज, माता रानी, भोले शंकर को छप्पन भोग का प्रसाद चढाकर सभी भक्तों के कल्याण की कामना की।प्रभु के जन्मोत्सव के उपलक्ष में मातृशक्तियों ने सोहर, मंगल गीत गाकर सभी भक्तों को नाचने-झूमने पर मजबूर कर दिया। समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि सभी भक्तों के सहयोग से प्रभु श्री राम जी का भव्य जन्मोत्सव मनाया गया। प्रभु के भव्य मंदिर बनने के बाद यह पहला जन्मोत्सव था भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। भक्तों ने आतिशबाजी कर जन्मोत्सव में भव्यता लाने में कोई कमी नहीं छोड़ी थी और प्रसाद का वितरण भी किया गया जो देर शाम तक चलता रहा। इस अवसर पर राकेश कुमार, श्याम बाबू, सूरज उमरवैश्य, शनि महाराज, सोनू महाराज, मनोज कुमार, बबलू, छेदीलाल, देवानंद, संतोष कुमार, लाल जी, विजय कुमार, सुरेश कुमार, आशीष कुमार, विवेक कुमार, पवन, आदर्श कुमार, अमन गुप्ता, तुलसीराम आदि भक्तगण उपस्थित रहे।


हनुमान मंदिर चिलबिला में पूजन अर्चन करते श्रद्धालु।

## राम नवमी पर हजारों लोगों ने टीवी पर देखा अयोध्या का मनोहरी दृश्य

### हवन-पूजन के साथ नवरात्र का हुआ समापन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राम नवमी पर बेल्हा देवी मंदिर व अन्य देवी मंदिरों में जहां हवन-पूजन व दर्शन के लिये भारी भीड़ उमड़ी थी, वहीं अयोध्या में 500 वर्षों बाद अपने मंदिर में भगवान राम का जन्मोत्सव का नजारा टीवी पर लोगों ने देखा।शहर के बेल्हा देवी मंदिर के पीछे बने हवन कुण्डों में दिन भर हवन पूजन होता रहा। इसमें सबसे ज्यादा महिलाएं व बच्चे शामिल थे। इसके अलावा ज्यादातर घरों में हवन-पूजन के बाद दिन में 12 बजे अयोध्या में भगवान राम के सूर्य तिलक का अद्भुत नजारा भी लोगों ने टीवी पर देखा। ज्यादातर न्यूज चैनल अयोध्या का सजीव चित्रण कर रहे थे, जिसके कारण हिन्दू समाज उस मनोहरी दृश्य को भी देखता रहा। जिन घरों में कलश स्थापना की गई थी, वहां नौ दिन का व्रत भी लोगों ने समाप्त किया। बेल्हा देवी मंदिर में तो पूरे नवरात्र में श्रद्धालुओं की भीड़ रही।


बेल्हा देवी मंदिर में हवन पूजन करते श्रद्धालु।

## पांच वर्ष से अधिक तहसील कुण्डा में लम्बित 204 वादों किया गया निस्तारण

### डीएम ने तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों के न्यायालय में लम्बित वादों की समीक्षा की

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों के न्यायालय में लम्बित पांच वर्ष से अधिक पुराने नामान्तरण (धारा-34) वादों की समीक्षा की गयी। तहसील कुण्डा के तहसीलदार व नायब तहसीलदार कैम्प कार्यालय में उपस्थित हुये। लगभग 15 दिन पूर्व तहसीलदार कुण्डा के न्यायालय में 28, तहसीलदार न्यायिक के 176, नायब तहसीलदार कुण्डा के 57, नायब तहसीलदार बिहार के 74, नायब तहसीलदार मानिकपुर के 18 व नायब तहसीलदार बाबागंज के 11 कुल 354 नामान्तरण के बाद 05 वर्ष से अधिक अवधि के लम्बित थे परन्तु जिलाधिकारी द्वारा वाद निस्तारण हेतु सख्त निर्देश के कारण अधिकारियों ने लगातार न्यायालय में बैठकर वादकारियों को सुनकर 204 वादों को निपटाया जिससे वर्तमान में तहसील कुण्डा में 5 वर्ष से अधिक अवधि के लम्बित वादों की संख्या 150 रह गयी है। जिलाधिकारी ने उपरोक्तोल्लिखित सभी लम्बित पत्रावलियों को एक-एक करके चेक भी किया। पुराने वादों के निस्तारण में किये गये प्रयास को जिलाधिकारी ने खुले मन से सराहा, साथ ही तहसीलदार धर्मेन्द्र कुमार सिंह व दोनो नायब तहसीलदारों को भविष्य में भी अपने न्यायिक कार्य व कर्तव्य के प्रति सचेत रहकर वादकारियों को ससमय एवं स्वच्छ न्याय देने हेतु निर्देशित किया। ज्ञातव्य है कि जनपद में 05 वर्ष से अधिक पुरानें वादों की संख्या अधिक होने को लेकर जिलाधिकारी ने चिन्ता व्यक्त की थी तथा इतने अधिक समय से नामान्तरण वादों के लम्बित होने के कारणों को जानने के लिये जनपद के तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को वाद पत्रावलियों के साथ कैम्प कार्यालय में उपस्थित होने हेतु रोस्टर जारी किया था।

## बीस लीटर अवैध शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के थाना महेशगंज से उ0नि0 जयकुशुन यादव मय हमराह हे0का0 सत्यपाल सिंह, का0 प्रिन्स सेन, म0का0 सपना द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र महेशगंज के ग्राम ऐंधा से एक अभियुक्ता गुड़िया देवी पत्नी रामसुख सरोज निवासी ग्राम ऐंधा थाना महेशगंज, जनपद प्रतापगढ़ को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 62/2024 धारा 60(2) आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया है। उधर जनपद के थाना महेशगंज से उ0नि0 शिशिर पटेल मय हमराह म0उ0नि0 वन्दना वर्मा, म0का0 निशा चैहान द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र महेशगंज के ग्राम रायअसकरनपुर से एक अभियुक्ता शर्मिला सरोज पत्नी श्रीराम सरोज निवासी ग्राम बेचू का पुरवा रायअसकरनपुर थाना महेशगंज, जनपद प्रतापगढ़ को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 61/2024 धारा 60(2) आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## पिता के उकसाने पर युवक की पिटाई

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कस्बे के तुर्कान मोहल्ले मे पिता के उकसाने पर एक युवक वा उसके परिवार को उसके सगे भाई ने ही मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने पर प्रार्थना पत्र दिया है। तुर्कान मोहल्ले की आजरीन बानो ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके पति के पिता के उकसाने पर उसके परिवार के ही लोग उसे उसके पति तथा उसकी देवरानी को मारपीट कर घायल कर दिया। इस मारपीट में उसके पति के पैर में गंभीर चोटे आई है। पीड़िता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मां की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## महिला को दूसरी शादी रचाना पड़ा महंगा, पति ने मारपीट कर घर से भगाया

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के सदहा गांव की महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसने दूसरी शादी की है पति उसे शादी के बाद से ही तरह-तरह से प्रताड़ित कर रहा है। हद तो तब हो गई जब उसे बीती रात पति ने जमकर मारा पीटा और जान से मार देने का प्रयास किया। पीड़ित महिला ने पुलिस को प्रार्थना देकर न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली इलाके के सदहा गांव की रहने वाली गीता देवी पत्नी रविंद्र प्रसाद दुबे ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसका पति पहली पत्नी के रहते हुए भी शादी कर ली। शादी के कुछ ही दिन बाद से उसे तरह-तरह से प्रताड़ित करने लगे। और कल उसे मुंबई से घर लाया और देर रात लाठी घंटे से जमकर मारा पीटा और जान से करने का प्रयास किया। हल्ला गुहा सुनकर आस-पास पड़ोस के लोगों के आ जाने से किसी तरह महिला की जान बची। महिला ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## घरेलू हिंसा के दर्ज मुकदमे में वांछित वारंटी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** घरेलू हिंसा के दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहे वारंटी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कार्यालय के समक्ष प्रस्तुत किया जहां से उसे न्यायालय भेज दिया गया। थाने के उपनिरीक्षक विजय कुमार माय हमराह सुनील कुमार के द्वारा पट्टी कोतवाली में दर्ज घरेलू हिंसा के मुकदमे में वांछित चल रहे वारंटी रंजीत कुमार पुत्र स्वामीनाथ वर्मा निवासी कुशहां को सैफाबाद तिराहे के समीप से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दर्ज मुकदमे के आधार पर न्यायालय भेजा है।

## कार व मोटरसाइकिल में हुई भिड़त, दो घायल

**प्रतापगढ़।** जिले के अंतू कोतवाली अंतर्गत लोहंगपुर पेट्रोल पंप के पास कार व मोटरसाइकिल में जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। बता दें कि चिलबिला से बिहारगंज की तरफ स्विफ्ट डिजायर जा रही थी तभी बिहारगंज से चिलबिला की तरफ आ रहा बाइक सवार सामने से कार से भिड़ गया जिसमें दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को 108 एम्बुलेंस से इलाज के लिये अस्पताल भेजवाया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# अनुपस्थित मतदान कार्मिक प्रशिक्षण प्राप्त करें अन्यथा होगी कार्रवाई: डीएम

### डीएम ने मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सकुशल ढंग सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक नवनीत सेहारा ने संयुक्त रूप से मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल राजकीय इण्टर कालेज व सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज का निरीक्षण किया। राजकीय इण्टर कालेज व सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज में पीठासीन और मतदान अधिकारी प्रथम को मास्टर टेड्रनर द्वारा प्रशिक्षित किया गया।

निरीक्षण के दौरान दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने पीठासीन और मतदान अधिकारी प्रथम से निर्वाचन सम्बन्धी प्रश्न पूछे, ईवीएम मशीन सम्बन्धी जानकारी ली। उन्होने मतदान कार्मिकों से प्रश्न पूछे कि मशीनों को कैसे जोड़ा जायेगा, कन्ट्रोल यूनिट, वैलेट यूनिट और वीवीपैट को जोड़ने का क्या क्रम होगा, मॉक पोल कैसे होगा, मॉक पाल की पर्ची किस लिफाफे में रखकर शील्ड की जायेगी, सीआरसी का फुल फार्म क्या है, मतदाता रजिस्टर क्या होता है, मत पत्र लेखा कैसे तैयार किया जाता है, पीठासीन अधिकारी की डायरी क्या होती है और कैसे भरी जाती है आदि महत्वपूर्ण प्रश्न किये। उन्होने मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया कि गम्भीरता पूर्वक पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें, ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। प्रशिक्षण में सुपर मास्टर टेड्रनर्स के रूप में डा0 विन्ध्याचल सिंह, डा0 मोहम्मद अनीस एवं एआरपी धर्मेन्द्र ओझा रहे तथा टेक्निकल मास्टर टेड्रनर के रूप में अशोक शुक्ला एवं नसीमुद्दीन रहे।

इस प्रशिक्षण में सामान्य प्रशिक्षण एवं ईवीएम सम्बन्धित विशेष विन्दुओं जैसे पीठासीन के कार्य, कितने प्रकार के लिफाफे जमा करते है, ईवीएम को जोड़ने का सही क्रम क्या है, एएसडी सूची क्या है, 17ए क्या है, 17सी क्या है, टेण्डर वोट क्या है, चैलेन्ज वोट क्या है, वोटिंग कम्पार्टमेन्ट में कौन कौन सी मशीन रहती है आदि पर पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक चर्चा मास्टर टेड्रनर द्वारा दिया गया जिसमें निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू से लेकर अंत तक दिखाई गई और नये अपडेट्स के बारे में बताया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा, जिला विकास अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक राकेश प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, आईटीआई कुण्डा प्रधानाचार्य रूपेश शुक्ला सहित कुलश्रेष्ठ तिवारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय शिव बहादुर मौर्य, सुशील त्रिपाठी, वंशीधर पाण्डेय, अमित कुमार दुबे, शुभम कुमार, बृजेन्द्र स्वरूप निगम, आनन्द कुमार जान, वसीम, रणवीर, नीरज मिश्रा, रामकुमार सिंह, सुशील सिंह, शशांक कुमार वैश्य और प्रशिक्षु कार्मिक उपस्थित रहे।


प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण करते डीएम संजीव रंजन।

## दहेज हत्या के अभियोग में दो गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना कोतवाली देहात के उ0नि0 राहुल कुमार मय हमराह म0का0 रूबी यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली देहात के मु0अ0सं0 119/24 धारा 498ए, 304बी भादवि व 3/4 डीपी एक्ट में वांछित एक अभियुक्त राहुल पुष्पाकर पुत्र राजेन्द्र कुमार पुष्पाकर निवासी सराय बहेलिया थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़ व एक अभियुक्ता राधा देवी पत्नी राजेन्द्र कुमार पुष्पाकर निवाली सराय बहेलिया थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र कोतवाली देहात के ग्राम राजगढ़ से गिरफ्तार किया गया।

## लूट के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, २७०० रुपये बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एसपी सतपाल अंतिल एवं अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह एवं सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी के निर्देश पर रानीगंज पुलिस ने लूट के मामले में फरार चल रहे शातिर लुटेरे को लूट के 2700 रुपए नगद के साथ गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी निरीक्षक आदित्य सिंह के निर्देश पर उप निरीक्षक रोहित कुमार एवं दरोगा अमित सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ आगामी लोकसभा के चुनाव को देखते हुए क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। उसी दौरान थानेदार को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ दिन पहले लूट की घटना को अंजाम देने वाला अभियुक्त थाना क्षेत्र के वंशी तिराहा मोड़ के पास खड़ा हुआ है। तत्काल सतर्कता दिखाते हुए प्रभारी निरीक्षक ने क्षेत्र में पहले से मौजूद पुलिस टीम को सूचना स्थल पर जाने के लिए निर्देशित किया तो थानेदार की सूचना पर उप निरीक्षक रोहित कुमार यादव अपनी पुलिस टीम के साथ आंधी और बवंडर की रफ्तार से दौड़कर सूचना स्थल पर पहुंचे तो अभियुक्त भागने लगा पुलिस ने दौड़कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के नाम रोशन पुत्र काल्लूराम रानीगंज पुलिस की सतर्कता की वजह से शातिर लुटेरा पुलिस के गिरफ्त में है।

# कोयले से लदी मालगाड़ी के वैगन में लगी आग


मालगाड़ी में लगी आग को बुझाते फायर ब्रिगेड के कर्मचारी व प्लेटफार्म पर जमा भीड़।

### फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने बुझाया आग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भदोही जंक्शन से रायबरेली जंक्शन की ओर जा रही कोयले से लदी मालगाड़ी के एक वैगन में आग लग गई। इसकी जानकारी मालगाड़ी के लोको पायलट को समय रहते हो गई थी। उन्होंने इसकी सूचना कंट्रोल को दी। मालगाड़ी बुधवार दिन में 03:22 बजे मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची तो फायर कर्मियों ने पानी को आग से बुझाया।

स्टेशन अधीक्षक शमीम अहमद ने बताया कि मालगाड़ी पर कोयला लदा था। फायर कर्मियों ने आग को बुझा दिया। कोई खास नुकसान नहीं हुआ है। मालगाड़ी को आगे के लिए रवाना कर दिया गया है। समय से आग न बुझी होती तो रेलगाड़ी के डिब्बो में सभी कोयले जल जाते। समय से सूचना मिलने से आगजनी की एक बड़ी घटना होने से बच गई।

# भीषण अग्निकांड में गेहूं की 30 बीघा फसल जलकर राख

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ/पट्टी।** कोंहडौर थाना क्षेत्र के देल्हूपुर, तौंकलपुर गांव में क्राफ्ट मशीन से निकली चिंगारी से किसानों की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। भीषण अग्निकाण्ड में पूरे मनिकंठ, पूरे क्षमा और लौली गांव के दो दर्जन से अधिक किसान तबाह हुए हैं। बता दें कि फसल कटिंग करते वक्त आग लगी थी। इस दौरान किसानों की करीब 30 बीघा फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

उधर पट्टी नगर के बीबीपुर स्थितत स्थित में बास की कोठी में बुधवार को लगभग 11:30 बजे आग लग गई। ग्रामीण के प्रयास से आग बुझाते-बुझाते बास की आधी कोठ जलकर नष्ट हो गई ग्रामीणों की सूचना पर फायर ब्रिगेड की सूचित किया गया फायर ब्रिगेड के पहुंचते- पहुंचते ग्रामीणों ने आग को काफी हद तक बुझा लिया गया था शेष बचे आग को फायर ब्रिगेड ने बुझाया पट्टी नगर के बीबीपुर टाउन कें रहने वाले अधिवक्ता विपिन सिंह, अधिवक्ता योगेश सिंह, करूंन सिंह, पिंटू सिंह, सभासद अतुल सिंह, का बास का कोठ घर के पीछे स्थित है ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि बिजली का तार लटकने की वजह से शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई। आग लगता ही आग का विकराल रूप रूप ले लिया अगल-बगल के ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाने को प्रयास किया गया ग्रामीणों द्वारा फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई फायर ब्रिगेड पहुंचते ही पहुंचते ग्रामीणों ने अथक प्रयास से आग बुझाने में काफी हद तक सफल हो चुके थे जो कुछ बचा था वह फायर ब्रिगेड ने बुझाया। हालांकि बास की कोठ जलकर नष्ट हो गई। अगल-बगल किसी के किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ।

### बांस की कोठ पर लगी आग

## हत्या के प्रयास के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना पट्टी के उ0नि0 श्री श्यामसुन्दर गिरि मय हमराह का0 विधिचन्द्र, का0 गुलशन यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र/ विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 536/2023 धारा 307, 323, 504, 506, 341, 427 भादवि के अभियोग से संबंधित वांछित अभियुक्त अंकित सिंह पुत्र राकेश सिंह निवासी ग्राम असुढी थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र के कुम्हिया मोड़ कस्बा पट्टी के पास से गिरफ्तार किया गया।

## अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, एक की मौत, दूसरा रेफर, घर में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बाइक से पट्टी आ रहे दो युवक अनियंत्रित होकर खजूर के पेड़ से टकरा गए। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए जिला मेडिकल ले जाया गया जहां पर एक की मौत हो गई। जबकि दूसरे को गंभीर हालत में स्वरूप रानी प्रयागराज रेफर किया गया है जहां उसकी हालत कंप्लीट बताई जा रही है।

कोतवाली क्षेत्र के भोपालपुर गांव निवासी सुनील वर्मा अपने साथी राजेश हरिजन के साथ मंगलवार की रात करीब 8:00 बजे जरूरी काम से बाइक से पट्टी बाजार आ रहा था। इस दौरान शारदा सहायक खंड 36 के पहले खजूर के पेड़ से वह टकरा गया। जिसमें दोनों को गंभीर चोटे आ गई। घायलों को इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां पर इलाज के दौरान राजेश हरिजन की मौत हो गई। जबकि सुनील की गंभीर हालत के चलते स्वरूप रानी प्रयागराज रेफर किया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। इस संबंध में कोतवाल आलोक कुमार का कहना है की घटना की जानकारी उन्हें दी गई थी एक युवक की मौत हुई है जिसके पंचनामे के लिए पुलिस को जिला मेडिकल कॉलेज भेजा गया । दूसरे की हालत गंभीर है उसका इलाज स्वरूप रानी में चल रहा है।

## अवैध तमंचा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना कंधई के उ0नि0 भूपेशनाथ सिंह मय हमराह का0 बृजभान चैहान, का0 सूर्यवंशी, का0 पिंटू चैहान द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त कप्तान भाटी पुत्र मोतीलाल निवासी सिकरी कानुपुर थाना कंधई, जनपद प्रतापगढ़ को एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ थानाक्षेत्र कंधई के परसण्डा चैराहा ग्राम सिकरीकानुपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना कंधई पर मु0अ0सं0 99/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

**प्रतापगढ़।** जिले के अंतू थाना अंतर्गत लोहंगपुर के रहने वाले राजेश कुमार हरिजन उम्र (35) पुत्र साधूराम की बीती रात फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली। सुबह जब परिजनों ने राजेश को फांसी के फंदे से लटका देखा तो भौंचक्के रह गए परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पोस्टमार्टम से जैसे ही शव घर पहुंचा परिजनों ने चिलबिला अमेठी रोड़ पर शव को रख कर चक्का जाम कर दिया। परिजनों का कहना की राजेश कुमार की हत्या की गई है इन्हें साजिशन मारा गया है। जिसको लेकर परिजन घंटों चक्का जाम कर रखा था। अंतू कोतवाल जितेंद्र सिंह ने लोगो को समझा बुझाकर जाम को खुलवा दिया और चिलबिला अमेठी मार्ग को सुचारू रुप चालू करवा दिया गया। राकेश कुमार हरिजन के दो बेटी और दो बेटे हैं जिसमें बड़ी बेटी की शादी हो गई है और एक बेटा दुबई रहकर परिवार का भरण पोषण करता है।

## खबर संक्षेप

### बारात से लौट रहे बाइक सवार युवकों को दबंगो ने पीटा

**महगाव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत काजीपुर पुर गांव बारात में दावत खाने के बाद वापस लौट रहे दो लोगो को दबंगो ने रास्ते में पकड़कर पीट दिया जिससे एक व्यक्ति को गम्भीर चोट आई है। मिली जानकारी के मुताबिक देवता दीन पुत्र स्व. जगन्नाथ निवासी ग्राम तरसौरा व प्रदीप पुत्र स्व. राम मदन ने संदीपन घाट थाने में शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि वह बीते मंगलवार की रात काजीपुर बारात में दावत खाने गया था। जब वह करीब 10 बजे रात वापस अपने घर जा रहा था तो उसे जीटी रोड तेरामील सैयद सरवा मोड़ के पास काजीपुर गांव का दीपू व उसके साथ रवि और एक अज्ञात व्यक्ति ने उन लोगो पर जानलेवा हमला करते हुए बेरहमी से मारा पीटा और उसके पास से 10 हजार रूपए और एक कीपैड मोबाइल भी छीन लिए है। मार पीट में देवता दीन के सर शरीर व अन्य जगह गम्भीर चोट आई है पीड़ितो की सूचना पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### कुत्ते से जा भिड़ा बाइक सवार, गंभीर घायल

**कौशाम्बी।** कड़ा थाना अंतर्गत देबीगंज चौराहे के पास गड़रियापुर गांव के नजदीक बाइक सवार कुत्ते से जा भिड़ा जिससे उसे गंभीर चोटे आ गयी। आनन फानन में स्थानीय लोगों ने घायल नवयुवक को नजदीकी सीएचसी कड़ा में भर्ती करवाया जहाँ से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल मंझनपुर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक विपिन कुमार पुत्र शेरबहादुर बाइक से अपने घर कड़ा से देबीगंज जा रहा था। अचानक सड़क पर कुत्ता आ जाने से उसकी दोपहिया वाहन अनियंत्रित होकर पलट गयी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया और घर वालों को सूचना दी। घर वाले सीएचसी कड़ा पहुंचे और डॉक्टर की सलाह पर उसे जिला अस्पताल मंझनपुर ले गए।

# सड़क पार कर रहे भट्ठा मजदूर को ट्रक ने रौंदा, मौके पर हुई दर्दनाक मौत



अखंड भारत संदेश

**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत काजीपुर बाजार के पास जीटी रोड पार करते समय एक ईट भट्ठा मजदूर को तेज रफ्तार इंडियन ऑयल की ट्रक ने रौंदा दिया जिससे भट्ठा मजदूर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक मजदूर काजीपुर गांव स्थित सूरज भट्ठे पर मजदूरी करता है और बुधवार को 4 बजे काजीपुर बाजार सामान खरीदने आया था। तभी प्रयागराज की ओर से आ रही इण्डियन ऑयल की तेज रफ्तार ट्रक ने भट्ठा मजदूर को कुचल दिया। मजदूर के सर पर ट्रक चढ़ गया जिससे उसका सर पूरी तरह से कुचल गया और मौके पर ही उसकी तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई। घटना को देखकर ग्रामीणों और राहगीरों की मौके पर भारी भीड़ लग गई भीड़ ने ट्रक ड्राइवर को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया घटना की सूचना मिलते ही संदीपन घाट थाना पुलिस और सीओ चायल मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

जानकारी के मुताबिक प्रयागराज जनपद के नवाबगंज थाना क्षेत्र के टिकरी निवासी पप्पू पुत्र राम अवतार काजीपुर के सूरज ईट भट्ठे में मजदूरी का काम करते थे भट्टे में मजदूरों को आप एक हफ्ते का पैसा मिला था जिस पर मजदूर पप्पू एक सप्ताह के लिए बाजार से खाने पीने का सामान खरीदने जा रहा था लेकिन तेज गति ट्रक ने उसे रौंद दिया जिससे उसकी मौत हो गई है मौत की सूचना मिलते ही ईट भट्ठे के अन्य मजदूर घटना स्थल पर पहुंच गए हैं मामले की सूचना मृतक के परिवार के लोगों को दी गई है सूचना मिलते ही परिवार के लोग भी मौके पर रोते बिलखते पहुंच गए हैं।

## सड़क हादसे में किशोरी की मौत, तीन अन्य घायल

**सवारियों को लेकर जा रहे ई रिक्शा को ट्रक ने मारी टक्कर**

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक ने सावरियो को लेकर जा रहे ई रिक्शा में टक्कर मार दी,टक्कर इतनी तेज थी कि ई रिक्शा के परखच्चे उड़ गए,हादसे में एक किशोरी की दर्दनाक मौत हो गई,जबकि परिवार के तीन अन्य लोग घायल हो गए,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा और मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।

जानकारी के मुताबिक करारी के आजाद नगर मोहल्ले के रहने वाले असरफ अली पुत्र स्व. शेर अली बुधवार की सुबह अपनी ससुराल सराय अकिल में मेडवारा गांव परिवार के साथ गए थे। वह अपनी पत्नी जमीरुन्निशा और बेटी सबा, तब्बसुम उम्र 15 वर्ष को ई-रिक्शा बुक कर ससुराल से वापस आ रहे थे। ई-रिक्शा सराय अकिल प्रयागराज मार्ग पर डहिया गांव के समीप पहुंचा था तभी अचानक बेनीराम कटरा की तरफ से आने वाले तेज रफ्तार ट्रक ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर लगने से ई-रिक्शा सवारियों समेत सड़क किनारे पलट गया। रिक्शा पलटने से असरफ और बाकी लोग गिरकर घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों ने नजदीकी सीएचसी सराय अकिल एंबुलेस के जरिए भेजा, जहां डॉक्टरों ने घायल तब्बसुम को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायल को इलाज के लिए भर्ती कर लिया। बेटी की मौत की खबर सुनने के बाद घायल मां व पिता रो-रोकर बेहाल हैं। पीड़ित पिता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है।

## न्यूज झरोखा

### पूर्व मंत्री स्वर्गीय छोटेलाल यादव की मनाई गई पुण्यतिथि



**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक के ग्राम बाले का पुरवा मजरा अफजलपुरवारी में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व सिंचाई राज्य मंत्री स्व. छोटेलाल यादव (बाबू जी) की पुण्यतिथि बुधवार 17 अप्रैल को मनाई गई। इस अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनके किए गए कार्यों को याद किया गया। बुधवार 14 अप्रैल को सिराथू ब्लॉक के ग्राम बाले का पुरवा मजरा अफजलपुरवारी निवासी पूर्व सिंचाई राज्य मंत्री स्वर्गीय छोटे लाल यादव की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया गया इस अवसर पर अजय सोनी ने उनकी प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अजय सोनी ने कहा कि बाबू जी गांव, किसान, नवजवान के नेता थे। उन्होंने आजीवन लोगों की सेवा की। साथ ही किसानो के लिए बहुत कार्य किया। उनके कार्यकाल में नहरो में पानी लबालब रहता था। उन्होंने सिराथू में रेल रोको आंदोलन की अगुवाई की थी। वो सदैव लोगों के दिलों में जिंदा रहेंगे। इस अवसर पर मुन्ना लाल यादव, ब्रजेश यादव, अरविंद मौर्य सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### भूसा लदे ट्रैक्टर से भिड़ी डीसीएम, दो घायल





**कौशाम्बी।** कड़ा थाना अंतर्गत अलीपुर जीता के पास कौशाम्बी फतेहपुर बॉर्डर पर मंगलवार रात्रि लगभग 01 बजे तेज रप्तार डीसीएम ने भूसा लदे ट्रैक्टर में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे डीसीएम चालक प्रमोद कुमार उम्र 27 वर्ष और शत्रुघ्न पुत्र राम प्रसाद उम्र 26 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से डीसीएम में फसे दोनों घायलों को डीसीएम से बाहर निकाला गया और 108 एम्बुलेंस को फोन के जरिए सूचना दी गई सूचना मिलने के बाद 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को 108 एम्बुलेंस के द्वारा नजदीकी सीएचसी कड़ा में भर्ती करवाया गया। दोनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने 108 एम्बुलेंस द्वारा ही सीएचसी कड़ा से जिला अस्पताल मंझनपुर के लिए रेफर कर दिया। डीसीएम चालक और खलासी दोनों घायल रामपुर थरियाव फतेहपुर जनपद के निवासी बताये जा रहे हैं हादसे की सूचना घायल के परिवार वालों को पुलिस ने दे दी है।

### राम नवमी पर मूरतगंज में धूमधाम के साथ निकली श्री राम शोभा यात्रा



**कौशाम्बी।** विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में बुधवार को मूरतगंज विकासखंड के पल्हना चौराहे से भगवान श्री राम की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसका दोपहर बाद मूरतगंज के पक्का तालाब में समापन किया गया। यात्रा में हजारों की संख्या में उत्साहित युवाओं की भीड़ देखने को मिला जहां यह युवा जय श्री राम के नारे के साथ अपनी आस्था को व्यक्त कर रहे थे। यात्रा में शामिल लोगों का उत्साह देखते बन रहा था भगवान श्री राम के मंदिर बनने के बाद यह पहला रामनवमी का पर्व था जिससे लोगों की उत्साह और ज्यादा बढ़ा हुआ था, भगवान श्री राम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के इस पर्व पर लोगों का उत्साह देखते बन रहा था कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदी परिषद के जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से रजत पांडे, ओम, शुभांशु अग्रहरि, ऋषभ द्विवेदी, समर उपाध्याय, शिवम तिवारी, सुधीर, सुनील यादव शिवम पांडे, दीपक मौर्य सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## शॉर्ट सर्किट से छप्पर में लगी आग, तीन पशु झुलसे



**मीटिंग के नाम पर बड़े आधिकारी केवल काजू की बर्फी और भुने तले काजू खाकर बंद बोतल का पानी पीकर योजनाओं की सफलता का झूठा ढिंढोरा पीट रहे हैं**

अखंड भारत संदेश

**महगाव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मलाक मोईनउद्दीनपर गांव में बिजली विभाग की लापरवाही से तीन पशु गंभीर रूप से झुलस गए हैं जिनका उपचार कराया जा रहा है बिजली विभाग की लापरवाही से लगातार हादसे हो रहे हैं लेकिन उसके बाद बिजली विभाग के अधिकारी सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक मलाक मोईनउद्दीनपर गांव निवासी जगमोहन पुत्र स्व.ननका सरोज के घर के ठीक बगल में बिजली का खंभा लगाया गया है घर के बगल में लगे विद्युत खंभे की तारे जर्जर है कई बार व्यवस्था सुधारने की मांग गांव के लोगों ने की इस बिजली की खम्भा की तार में बुधवार को तेज शॉर्ट सर्किट के चलते चिंगारी निकलने से जगमोहन के घर के आंगन में बने छप्पर में आग लग गयी देखते देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और छप्पर जल गया इसी छप्पर के नीचे जगमोहन के 3 जानवर बंधे थे छप्पर में बंधी दो भैंसें व एक भैंस का बच्चा गम्भीर रूप से झुलस गए जिनकी हालत गम्भीर है झुलसे पशुओं का इलाज किया जा रहा है जगमोहन के करीबियों का आरोप है कि लेखपाल व अन्य जिम्मेदारों को सूचना दी गई परन्तु खबर लिखे जाने तक मौके पर कोई नहीं आया है। रिहायशी घर के ठीक बगल में जर्जर तार और जर्जर खम्भे लगाकर बिजली विभाग ने व्यवस्था को चौपट कर दिया है यदि पूर्व से जर्जर तारों को ठीक कर दिया गया होता तो किसान के तीन पशु झुलसने से बच जाते लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा किसान भुगत रहे हैं और मीटिंग के नाम पर बड़े आधिकारी केवल काजू की बर्फी और भुने तले काजू खाकर बंद बोतल का पानी पीकर योजनाओं की सफलता का झूठा ढिंढोरा पीट रहे हैं

# कई बीघा गेंहू की फसल जलकर हुई राख

**आग से किसानों को हुआ लाखो का नुकसान, फिर एक बार उजागर हुई बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही**

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशाम्बी।** जिले के सैनी कोतवाली क्षेत्र के कमासिन के पास तेज धूप और तेज हवा के चलते बिजली की तारो में शॉर्ट सर्किट हो गया तेज धूप और हवा के चलते बिजली के तारो में हुए शॉर्ट सर्किट से गेंहू की खड़ी फसल में गिरी हुई चिंगारी से अचानक आग लग गई,देखते देखते खेत मे खड़ी गेहूं की कई बीघा फसल आग से जलकर राख हो गई सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मसक्कत से आग पर काबू पाया,लेकिन तब तक किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया और किसानों को लाखो का नुकसान हो गया।

जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के कमासिन के पास गुप्ता ढाबा के पीछे धर्मेंद्र यादव निवासी सैय्यद राजेपुर के खड़े गेहूं के खेत में तेज धूप और तेज हवा के चलते बिजली की तारो में शॉर्ट सर्किट से बिजली की तारो से चिंगारी निकली और गेंहू की खड़ी फसल में आग लग गई,तेज हवा के चलते गेंहू का खेत धू धू कर जलने लगा,थोड़ी ही देर में आग ने भीषण रूप ले लिया। खेत की फसल में आग लगने की सूचना ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को दी,मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर जब तक काबू पाया तब तक लगभग ढाई बीघे गेंहू की फसल राख हो चुकी थी,आग से किसान को लाखो का नुकसान हुआ है,मामले की सूचना ग्रामीणों ने क्षेत्रीय लेखपाल को दी है ।

## दो महीने बाद भी महिला के हत्यारे को गिरफ्तार नहीं कर सकी पुलिस

**हमले में मृतक महिला के पति बनारसी लाल और उसकी पुत्रवधू ननकी देवी भी गंभीर रूप से घायल हुए थे**

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी ग्रामीण बैरिया गांव में महिला की हत्या को 2 महीने से अधिक बीत जाने के बाद भी महिला के नामजद हत्यारो को थाना चौकी पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर सकी महिला के परिवार के लोग लगातार थाना से लेकर पुलिस अधिकारियों तक हत्यारो की गिरफ्तारी की गुहार लगा रहे हैं।

घटनाक्रम के मुताबिक 02 फरवरी को हमले में घायल महिला सुग्गन देवी की इलाज के दौरान 11 फरवरी को मौत हो गयी थी पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन घटना को ढाई महीने बीत जाने के बाद महिला के हत्यारो की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर सकी है खुलेआम हत्यारे घूम रहे हैं हत्यारे कहां है इस बात को मृतक महिला के परिजनों ने स्थानीय पुलिस को दो महीने पहले बताया भी था लेकिन परिजनों के बताने के दो महीने बाद भी हत्यारो को गिरफ्तार करने का प्रयास थाना और चौकी पुलिस ने नहीं किया है हमले में मृतक महिला के पति बनारसी लाल और उसकी पुत्रवधू ननकी देवी भी गंभीर रूप से घायल हुए थे।

हमलावरों की गिरफ्तारी ना किए जाने से थाना और चौकी पुलिस के कारनामों पर सवाल खड़े हो रहे हैं महिला के हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं जिन्हें पुलिस क्यो गिरफ्तार नहीं करना चाहती है आखिर किस दबाव में महिला के हत्यारे को थाना चौकी पुलिस पनाह दे रही है यह जन-जन की जुबान में है चौकी पुलिस और थाना पुलिस पूरी तरह से पुलिस वर्दी कलंकित करने पर लगी है महिला के हत्यारे को पनाह देने के मामले में परिजनों ने महीनों पहले पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी थाना चौकी पुलिस द्वारा हत्यारे को न गिरफ्तार किए जाने के मामले में पुलिस अधिकारियों ने उच्च स्तरीय जांच कराई तो जहां हत्यारो की तत्काल गिरफ्तारी होगी वही हत्यारो को संरक्षण देने वाली थाना चौकी पुलिस पर कठोर कार्रवाई हो सकती है।

## स्टेरिंग जाम होने से पलटी कार पूर्व प्रधान गंभीर घायल

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार की स्टेयरिंग अचानक जाम हो जाने से कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगभग 20 फीट नीचे खाई में गिर गई,खाई में गिरने से कार के परखच्चे उड़ गए,खेतो में काम कर रहे ग्रामीणों ने कार सवार को बाहर निकाला और इलाज के लिए 108 एंबुलेंस से अस्पताल भेजा,जिससे कार सवार की जान बच गई। सूचना मिलने के बाद परिवार और रिश्तेदार अस्पताल पहुंच गए हैं एम्बुलेंस कर्मचारियों ने ईमानदारी की मिशाल पेश करते हुए घायल व्यक्ति का नकदी मोबाइल एवं पर्स परिजनों को वापस दे दिया है।

जानकारी के मुताबिक फतेहपुर जनपद के खखरेरु थाना क्षेत्र के अंजना कबीर के रहने वाले पूर्व प्रधान शब्बीर अहमद पुत्र मेराज अहमद किसी की मिट्टी में शामिल होकर वापस फतेहपुर लौट रहे थे। जैसे ही वह सैनी कोतवाली क्षेत्र के कोरियों गांव के नहर के पास पहुँचे तभी अचानक उनकी कार की स्टेयरिंग जाम हो गई,जिससे कार अनियंत्रित हो गई और सड़क के किनारे लगभग 20 फीट गहरे खाई में चली गई,हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए और कर सवार शब्बीर अहमद गंभीर घायल हो गए वही खेतो में काम कर रहे ग्रामीणों ने तत्काल कार सवार को बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस को फोन कर बुलाया और घायल को इलाज के लिए सीएचसी कड़ा भेज दिया हालत गंभीर होने के चलते सीएचसी से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।



### 10 किलो गांजा के साथ दो गांजा तस्कर गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले सहित कई अन्य जनपदों में गांजा की सप्लाई करने वाले दो गांजा तस्करों को पुलिस ने 10 किलो गाँजा के साथ गिरफ्तार किया है,पुलिस ने दोनो आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हे जेल भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक थानाध्यक्ष मोहब्बतपुर पइंसा जगदीश कुमार ने चेकिंग के दौरान अन्तर्जनपदीय अवैध गांजा तस्करी करने वाले दो गांजा तस्करों आशीष कुमार सोनी पुत्र रामबाबू सोनी निवासी नियर स्टेट बैंक वाली गली कारिकान थाना धाता जनपद फतेहपुर और हनुमत सिंह पटेल पुत्र गुलाब सिहं पटेल निवासी ग्राम सेगरहा थाना पश्चिम शरीरा को नारा मोड के पास से 10 किलो 190 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय पेश किया जहा से उन्हे जेल भेज दिया गया।

## नवरात्रि पर्व पर भक्तों ने हवन पूजन कर कन्या भोज का किया आयोजन



अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशांबी।** चैत्र नवरात्रि पर्व के नवमी तिथि को हनुमान मंदिर और नई दुर्गा मंदिर परिसर अझुवा पर मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने हवन पूजन कर कन्या भोज का आयोजन किया इस कन्या भोज में देवी स्वरूपा सैकड़ो कन्याओं को भोजन कराया गया अझुवा के वार्ड नंबर 9 इंदिरानगर में स्थित नई दुर्गा मंदिर परिसर में कन्या पूजन के बाद सैकड़ो कन्याओं को भक्तों द्वारा भोजन कराया गया विशाल कन्या भोज का आयोजन मंदिर कमेटी के पदाधिकारी जगदीश केसरवानी, उमेश केसरवानी, सुजीत कौशल, राजेंद्र सोनी आदि के सौजन्य से संपन्न हुआ है।

## घर में घुसकर आधा दर्जन दबंगों ने माँ बेटी को पीटा

**कौशाम्बी।** महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा का दावा करने वाली भाजपा की योगी मोदी सरकार में महिलाएं बालिकाएं सुरक्षित नहीं रह गई हैं गुंडों का आतंक अत्याचार कमजोर महिलाओं बालिकाओं पर देखा जा रहा है पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के एक गांव की बालिका16 अप्रैल को 8 बजे रात खेत से गेहूं की फसल काटकर घर वापस लौटी थी इसी बीच कालीचरण के बेटे सुनील अनिल अपने छह-सात साथियों के साथ बालिका के घर जबरदस्ती घुस गए और बालिका के ऊपर चोरी का आरोप लगाकर गाली गलौज करते हुए अकेली बालिका को घर से बाहर घसीट कर उसे पटक पटक कर बेरहमी से मारा पीटा गया बालिका बचाव के लिए चीखती चिल्लाती रही लेकिन गुंडो के सेहत पर असर नहीं पड़ा हो हल्ला सुनकर बालिका की मां मौके पर पहुंची उसने बीच बचाव किया तो बालिका की माँ को भी पटक पटक कर उसके साथ मारपीट की गई है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है।

## भारतीय स्टेट बैंक की टाइनी शाखा में चोरों ने सेंध मारी कर लाखों का सामान किया पार

**अझुवा कौशाम्बी।** कोखराज कोतवाली के केशौवापुर पर स्थित एसबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र में मंगलवार की रात सेंध लगाकर चोरों ने नगदी समेत एक लाख के उपकरण को पार कर दिया है घटना की जानकारी केंद्र संचालक को सुबह हुई पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए पीड़ित से तहरीर लेकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक केशौवापुर गांव की पूनम देवी पत्नी अवनीश कुमार ने स्थानीय बाजार में एसबीआई का ग्राहक सेवा केंद्र खोल रखा है। केंद्र का संचालन अवनीश कुमार कर रहे है। उन्होंने बताया कि मंगलवार की रात वह रोज की तरह दुकान बंद कर घर चला गया। आधी रात दुकान के पीछे की दीवार में सेंध लगाकर भीतर घुसे चोर कप्यूटर, प्रिंटर, अन्य सोलह दुकानों के शटर की चाभी व एक हजार रुपया नकदी उठा ले गए।

घटना की जानकारी दुकान संचालक को सुबह दुकान पहुंचने पर हुई। सामान बिखरा देख वह सन्न रह गया। ग्राहक सेवा केंद्र में चोरी की जानकारी अन्य दुकानदारों को हुई तो लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मौका-मुआयना करते हुए संचालक पूनम देवी से तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। अवनीश ने बताया कि डेढ़ साल पहले भी चोर दुकान से डेढ़ लाख रुपये नकदी के साथ अन्य सामान ले जा चुके हैं। इंस्पेक्टर इंद्रदेव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। जांच पड़ताल की जा रही है जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## संपादक की कलम से

# बस सच की पर्देदारी है

प्रधानमंत्री चुनाव के लिए धर्म की दुहाई का सहारा ले रहे हैं, जो बेशक आदर्श चुनाव संहिता का ही नहीं, जन-प्रतिनिधित्व कानून का भी गंभीर उल्लंघन है। वास्तव में देश का कानून ऐसी किसी राजनीतिक पार्टी की मान्यता की ही इजाजत नहीं देता है, जो संविधान की उद्देशिका में शामिल धर्मनिरपेक्षता का पालन नहीं करती हो।

अठारहवीं लोकसभा के करीब पौने दो महीने लंबे चुनाव के पहले चरण का चुनाव प्रचार अभी थमा नहीं है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपनी चुनाव सभाओं में धर्म की दुहाई का सहारा लिए जाने की शिकायतों के चुनाव आयोग में ढेर लग चुके हैं। संक्षेप में इन शिकायतों का सार यही है कि प्रधानमंत्री, विशेष रूप से राम मंदिर के निर्माण तथा प्राण प्रतिष्ठा समारोह से लेकर, सनातन संबंधी बहस तक के बहाने से, खुद को तथा सत्ताधारी गठजोड़ को 'हिंदू-रक्षक' और अपने राजनीतिक विरोधियों, विशेष रूप से इंडिया गठबंधन को 'हिंदू-विरोधी' साबित करने और इसके जरिए, हिंदुओं को अपने विरोधियों के खिलाफ तथा अपने पक्ष में जुटाने की कोशिश कर रहे थे।

बेशक, यह दूसरी बात है कि मोदी राज में अर्जित अपने संक्षिप्त नाम, कें चु आ को सार्थक करते हुए, चुनाव आयोग ने इन शिकायतों का कोई संज्ञान लिया हो, इसका अब तक कोई संकेत नहीं है।

सच तो यह है कि ये शिकायतें करते हुए विपक्ष को, इसका कोई भ्रम भी नहीं था कि चुनाव आयोग, खासतौर पर प्रधानमंत्री पर आदर्श आचार संहिता की चुनाव के लिए धर्म की दुहाई का सहारा लिए जाने पर रोक के उल्लंघन के आरोपों पर कोई कार्रवाई कर सकता है। पिछले आम चुनाव के समय के और उसके बाद के पूरे दौर के अनुभवों के बाद, ऐसे किसी भ्रम की गुंजाइश ही नहीं रह गयी है। और चुनाव की तारीखों की घोषणा से ऐन पहले, एक चुनाव आयुक्त के संदेहजनक परिस्थितियों में चुनाव आयोग से इस्तीफा देने और उसके बाद हाथों-हाथ मोदी सरकार द्वारा तीन सदस्यीय आयोग के लिए दो सदस्यों की अपनी मर्जी से नियुक्ति किए जाने के बाद, तो किसी भ्रम की रत्तीभर गुंजाइश नहीं बची थी। याद रहे कि चुनाव आयोग की इन दोनों रिक्तियों के भरे जाने से पहले ही, मोदी सरकार द्वारा एक कानून बनाकर, सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले को पलटा जा चुका था, जिसमें चुनाव आयोग की निष्पक्षता सुनिश्चित करने पर विशेष रूप से जोर देते हुए, आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति के लिए ऐसी प्रक्रिया अपनाए जाने का तकाजा किया गया था, जिससे इन नियुक्तियों में सिर्फ सरकार की मर्जी चलने के बजाय, निष्पक्षता की अपेक्षा की जा सके। इस सिलसिले में सुप्रीम कोर्ट ने फौरी कदम के तौर पर एक तीन सदस्यीय नियुक्ति समिति का गठन करने के लिए कहा था, जिसमें प्रधानमंत्री के साथ, लोकसभा में विपक्ष के या सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के नेता के अलावा, सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश भी रहें।

बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के उक्त निर्णय में ही वैधानिक आधार पर नियुक्ति प्रक्रिया का फैसला संसद पर छोड़े जाने को बहाना बनाकर, नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने बहुमत का दुरुपयोग कर, फटाफट संसद से कानून बनवाकर, यह सुनिश्चित किया कि चुनाव आयोग के लिए नियुक्तियों में सरकार की ही मनमर्जी चले। तीन सदस्यीय कमेटी में, प्रधानमंत्री के साथ, विपक्ष के नेता को शामिल तो किया गया, लेकिन प्रधानमंत्री को तीसरे सदस्य के रूप में अपने किसी मंत्रिमंडलीय सहयोगी को रखने का अधिकार देकर, विपक्ष की आवाज को गैर-निर्णायक और वास्तव में रस्म अदायगी भर बना दिया गया। दूसरी ओर, सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश को इस पूरी प्रक्रिया से बाहर ही कर दिया गया। तीन सदस्यीय आयोग में अध्यक्ष से इतर दोनों नयी नियुक्तियां, इस प्रकार सरकार की मर्जी का ही प्रतिनिधित्व करने वाली व्यवस्था से ही कराई गई थीं, जबकि इससे पहले स्थान खाली होने के बावजूद, सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित उक्त कमेटी के सामने, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश को भी रहना था, किसी नियुक्ति का विषय आने ही नहीं दिया गया था।

बहरहाल, बात सिर्फ इतनी ही नहीं है कि प्रधानमंत्री चुनाव के लिए धर्म की दुहाई का सहारा ले रहे हैं, जो बेशक आदर्श चुनाव संहिता का ही नहीं, जन-प्रतिनिधित्व कानून का भी गंभीर उल्लंघन है। वास्तव में देश का कानून ऐसी किसी राजनीतिक पार्टी की मान्यता की ही इजाजत नहीं देता है, जो संविधान की उद्देशिका में शामिल धर्मनिरपेक्षता का पालन नहीं करती हो। फिर भी यह गौरतलब है कि यह प्रधानमंत्री द्वारा कैजुअल तरीके से, किसी एकाध भाषण में धर्म की दुहाई का चुनाव के लिए सहारा लिए जाने भर का मामला नहीं है। वास्तव में इस बार इसकी शुरूआत औपचारिक रूप से चुनाव अभियान शुरू होने से भी काफी पहले से ही कर दी गई थी। राज्य विधानसभाई चुनावों के पिछले चक्र के फौरन बाद ही, पहले राम मंदिर के उद्घाटन और फिर तथाकथित 'सनातन' विवाद के बहाने, हिंदू-धार्मिकता की दुहाई का इस्तेमाल शुरू कर दिया गया था।

प्रधानमंत्री ने आम चुनाव की घोषणा के बाद, औपचारिक रूप से अपना चुनाव अभियान शुरू होने के बाद, इस सिलसिले को सिर्फ जारी ही नहीं रखा है, सांप्रदायिक दुहाई को अपने चुनाव प्रचार का केंद्रीय हिस्सा ही बना दिया है। कहने की जरूरत नहीं है कि इसमें सारा जोर, राम मंदिर के उद्घाटन समारोह से दूर रहने के लिए और 'सनातन' के संबंध में आलोचनात्मक टिप्पणी करने वालों से नाता बनाए रखने के लिए, इंडिया गठबंधन तथा भाजपा/एनडीए के विरोधियों को 'हिंदू-विरोधी' साबित करने पर ही रहा है। यानी यह प्रधानमंत्री के चुनाव प्रचार की प्रधान थीम ही है, जिसकी प्रतिध्वनि प्रधानमंत्री के चुनावी भाषणों से लेकर, भाजपा के चुनाव घोषणापत्र के जारी किए जाने के कार्यक्रम और उसके फौरन बाद, एक निजी समाचार एजेंसी के लिए प्रधानमंत्री के पूरी तरह से स्क्रिप्टेड इंटरव्यू तक में सुनाई दे रही थी। बहरहाल, यह भी अर्थहीन ही नहीं है कि जैसाकि हमने शुरू में ही याद दिलाया, चुनाव प्रचार के पहले चरण से ही प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव के लिए धर्म की दुहाई का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। बेशक, यह किसी से छुपा हुआ नहीं है कि धर्म की दुहाई का और एक उग्र माइनोरिटी-विरोधी छवि का उपयोग, नरेंद्र मोदी के साथ शुरू से ही और 2002 के गुजरात के मुस्लिम-विरोधी नरसंहार के बाद से तो खासतौर पर जुड़ा रहा है।

# आर्थिक स्थिरता पर नकारात्मक प्रभाव

यह देश के नीति निर्धारकों की योग्यता पर प्रश्न चिन्ह है किदेश में घरेलू कर्ज. की बढ़ोतरी रुक नहीं है। आँकड़े ज्यादा पुराने नहीं हैं,दिसंबर 2023 में घरेलू कर्ज अपने सर्वाधिक स्तर पर पहुंच चुका है और .सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) में पारिवारिक ऋण का अनुपात 40 प्रतिशत हो गया है. ।यह सब हाल के वर्षों में हुआ है। पारिवारिक कर्ज में बढ़ोतरी अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत नहीं है. वित्तीय सेवाएं मुहैया कराने वाली कंपनी मोतीलाल ओसवाल की ताजा रिपोर्ट में बताया गया है कि दिसंबर 2023 में घरेलू कर्ज अपने सर्वाधिक स्तर पर पहुंच गया. सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) में पारिवारिक ऋण का अनुपात 40 प्रतिशत हो गया है. साथ ही, जीडीपी में पारिवारिक बचत का अनुपात लगभग पांच प्रतिशत रह गया है, जो ऐतिहासिक रूप से सबसे कम है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले वर्ष सितंबर में बताया था कि परिवारों की बचत का अनुपात वित्त वर्ष 2022-23 में 5.1 प्रतिशत हो गया, जो 47 वर्षों में सबसे कम है. यह सही है कि बचत कम कर और कर्ज लेकर बहुत से लोग परिसंपत्तियां या उपभोक्ता वस्तुएं खरीदते हैं. ऐसे लोग भविष्य में अपनी आमदनी को लेकर आश्वस्त रहते हैं या उन्हें अपने निवेश से लाभ होने की आशा रहती है. लेकिन विभिन्न आंकड़ों के साथ बचत में कमी और कर्ज बढ़ने के मसले को देखें, तो चिंताजनक तस्वीर उभरती है.

वित्त वर्ष 2022-23 में घरेलू कर्ज जीडीपी के 38 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गया था. इससे अधिक आंकड़ा केवल 2020-21 में रहा था, जो कि महामारी की भयावह मार का साल था. हालिया रिपोर्ट में यह रेखांकित किया गया है कि घरेलू कर्ज में वृद्धि में सबसे प्रमुख हिस्सा पर्सनल लोन का है. उल्लेखनीय है कि ऐसे लोन में ब्याज की दर भी बहुत अधिक होती है. माना जाता है कि पर्सनल लोन बहुत मजबूरी में ही लोग लेते हैं. क्रेडिट कार्ड से खर्च और डिफॉल्ट में भी वृद्धि हो रही है. रिजर्व बैंक पहले ही असुरक्षित कर्जों के बारे में बैंकों को सचेत रहने की सलाह दे चुका है.

हालांकि वृद्धि दर उत्साहजनक है, लेकिन आमदनी में बढ़ोतरी अपेक्षा के अनुसार नहीं है. महंगाई की वजह से भी परिवारों पर दबाव बढ़ा है. मुद्रास्फीति के मोर्चे पर कुछ राहत मिली है, पर रिजर्व बैंक ने बार-बार कहा है कि यह अभी भी चिंता का कारण बना हुआ है. इसी कारण से हालिया मौद्रिक समीक्षा में ब्याज दरों में कटौती नहीं की गयी है. चूंकि आमदनी में बढ़त धीमी है, तो उसका असर उपभोग पर पड़ना स्वाभाविक है. वित्त वर्ष 2023-24 में पारिवारिक निवेश और निजी उपभोग दोनों में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गयी है.

यदि बचत बढ़ाने, असुरक्षित कर्ज घटाने तथा उपभोग बढ़ाने पर समुचित ध्यान नहीं दिया गया, आर्थिक स्थिरता पर नकारात्मक असर पड़ सकता है. आर्थिक विकास का लाभ आबादी के अधिकाधिक हिस्से तक पहुंचे. इस दिशा में ठोस प्रयासों की आवश्यकता है. बचत और कर्ज में संतुलन बनाने पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

# भारत की बेमिसाल विरासत से दुनिया स्तंभित

विश्व विरासत दिवस- 18 अप्रैल, 2024
- ललित गर्ग -



मानव सभ्यता के इतिहास और विरासत को एक साथ सम्मान देने के लिए हर साल 18 अप्रैल को विश्व विरासत दिवस मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर की विभिन्न संस्कृतियों को प्रोत्साहित करने, सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक स्मारकों और स्थलों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। दुनिया भर के लोग त्योहारों, परंपराओं और स्मारकों के माध्यम से अपनी संस्कृति और विरासत का जश्न मनाते हैं। इस दिवस को मनाते हुए यूनेस्को असाधारण मूल्य के सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों की सुरक्षा में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के विकास के साथ जुड़े एक समृद्ध इतिहास को बढ़ावा देता है। पहला विश्व धरोहर दिवस ट्यूनीशिया में मनाया गया था। विश्व धरोहर दिवस की शुरूआत 1982 में इंटरनेशनल काउंसिल ऑन मॉन्यूमेंट्स एंड साइट्स (आईसीओएमओएस) ने की थी। इसके बाद 1983 में इसे ह्ययूनेस्कोह्ल की मंजूरी मिली। 1983 के बाद से हर साल अलग-अलग थीम के साथ विश्व धरोहर दिवस दुनियाभर में मनाया जाता है। 2024 की आधिकारिक थीम ह्लहमारे वैश्विक विरासत की रक्षा करनाह्व है। यूनेस्को किसी स्मारक या स्थल को धरोहर घोषित करता है तो उसके बाद उस जगह का नाम विश्व में काफी मशहूर हो जाता है। जिससे वहां विदेशी पर्यटकों का आवागमन भी काफी बढ़ जाता है, जिसका लाभ सीधा देश की अर्थव्यवस्था एवं वहां के पर्यटन व्यवसाय को मिलता है। विश्व धरोहर घोषित होने के बाद उस जगह का खास ध्यान रखा जाता है और उसकी सुरक्षा भी बढ़ा दी जाती है। यदि ये स्मारक ऐसे देश में है, जिसकी आर्थिक स्थिति सही नहीं है, तो यूनेस्को ही स्मारक की देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाता है। अंतरराष्ट्रीय स्मारक एवं स्थल परिषद और विश्व संरक्षण संघ ये दो संगठन है, जो इस बात का आकलन करते हैं कि स्थल विश्व धरोहर बनने लायक है या नहीं। साल में एक बार इस विषय के लिए समिति की बैठक होती है और फिर उन जगहों का चयन करती है, उसके बाद दोनों संगठन इसकी सिफारिश विश्व धरोहर समिति से करते हैं। फिर ये फैसला लिया जाता है कि उस जगह को विश्व धरोहर बनाना है या नहीं। विश्व विरासत दिवस की इसलिए अपने आप में एक वैश्विक महत्ता है, क्योंकि इसके जरिए दुनिया में सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने में सहूलियत मिल रही है। विश्व की विरासतें मानव को सतत रूप से प्रेरित करती हैं। सिर्फ किसी समाज की विरासत उसी समाज को प्रेरित नहीं करती बल्कि विश्व के दूसरे समाजों को भी विरासत अच्छी तरह से प्रेरित करती है। विरासत दिवस के चलते पर्यावरण और जागरूकता को बढ़ावा मिलता है। विरासतें विभिन्न समुदायों के बीच रिश्तों को आत्मीय और सम्मानजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और मानवीय उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए महत्वपूर्ण आधार होती हैं। यही वजह है कि विश्व विरासत को दुनियाभर के मानव समाज के लिए महत्वपूर्ण माना गया है। विश्व विरासत दिवस सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पलों को लाने में ही मदद नहीं करता बल्कि यह देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का माध्यम भी है। यह पर्यटन को प्रोत्साहन देने का सशक्त माध्यम है। भारत की अर्थव्यवस्था पर्यटन-उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती रही है। राजस्थान भारत का एक राज्य है जो विश्व विरासत का समृद्ध केन्द्र है, यह पर्यटन के लिए सबसे समृद्ध राज्य माना जाता है। राजस्थान की पुरातात्विक विरासत या सांस्कृतिक धरोहर केवल दार्शनिक, धार्मिक, सांस्कृतिक स्थल के लिए नहीं है बल्कि यह राजस्व प्राप्ति का भी स्त्रोत है। यूं तो भारत के सभी राज्यों में समृद्ध विरासत देखने को मिलती है। पर्यटन क्षेत्रों से कई लोगों की रोजी-रोटी भी जुड़ी है। प्राकृतिक सुंदरता और महान इतिहास से संपन्न राजस्थान में पर्यटन उद्योग समृद्धिशाली है। राजस्थान देशीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों, दोनों के लिए एक सर्वाधिक आकर्षक पर्यटन स्थल है। भारत की सैर करने वाला हर तीसरा विदेशी सैलानी राजस्थान देखने जरूर आता है। जयपुर के महल, उदयपुर की झीलें और जोधपुर, बीकानेर तथा जैसलमेर के भव्य दुर्ग भारतीय और विदेशी सैलानियों के लिए सबसे पसंदीदा जगहों में से एक हैं। इन प्रसिद्ध विरासत स्थलों को देखने के लिए यहाँ हजारों पर्यटक आते हैं। जयपुर का हवामहल, जोधपुर, बीकानेर और जैसलमेर के धोरे काफी प्रसिद्ध हैं। जोधपुर का मेहरानगढ़ दुर्ग, सवाई माधोपुर का रणथम्भोर दुर्ग एवं चित्तौड़गढ़ दुर्ग काफी प्रसिद्ध है। यहाँ शेखावटी की कई पुरानी हवेलियाँ भी हैं जो वर्तमान में हैरीटेज होटलें बन चुकी हैं।

पर्यटन ने यहाँ आतिथ्य क्षेत्र में भी रोजगार को बढ़ावा दिया है। यहाँ की मुख्य मिठाई ह्यघेवरह्ल है। राजस्थान असंख्य पर्यटन अनुभवों, व्यंजनों और मोहक स्थलों का प्रांत है। चाहे भव्य स्मारक हों, प्राचीन मंदिर या मकबरे हों, नदी-झरने, प्राकृतिक मनोरम स्थल हो, इसके चमकीले रंगों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रौद्योगिकी से चलने वाले इसके वर्तमान से अटूट संबंध है। यहां सभी प्रकार के पर्यटकों को चाहे वे साहसिक यात्रा पर हों, सांस्कृतिक यात्रा पर या वह तीर्थयात्रा करने आए हों, सबके लिए खूबसूरत जगहें हैं। यह राजस्थान पल-पल परिवर्तित, नितनूतन, बहुआयामी और इन्द्रजाल की हद तक चमत्कारी यथार्थ से परिपूर्ण समृद्ध विरासत का खजाना है। इस राजस्थान की समग्र विविधताओं, नित नवीनताओं और अंतर्विरोधों से साक्षात्कार करना सचमुच अलौकिक एवं विलक्षण अनुभव है। देश-दुनिया में हमारे पूर्वजों ने विभिन्न शिल्प-कलाओं में जो शानदार कृतियां (स्मारक, ग्रंथ, मंदिर, किले, महल या मकबरे आदि के रूप में) उकेरीं, वो आज हम सभी के सामने महान सांस्कृतिक धरोहरों के रूप में मौजूद हैं। ये हमारे गौरवशाली अतीत की याद दिलाते हैं, साथ ही आर्थिक लाभ का जरिया भी बनते हैं। भारतीय संस्कृति में हरे-भरे पेड़, पवित्र नदियां, पहाड़, झरनों, पशु-पक्षियों की रक्षा करने का संदेश हमें विरासत में मिला है। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक दृष्टि से केवल स्मारक एवं स्थल हीं नहीं, प्रभु श्रीराम जैसे महानायकों का जीवन भी दुनिया के लिये प्रेरणास्त्रोत रहा है। स्वयं भगवान श्रीराम व माता सीता 14 वर्षों तक वन में रहकर प्रकृति को प्रदूषण से बचाने का संदेश दिया। ऋषि-मुनियों के हवन-यज्ञ के जरिए निकलने वाले ऑक्सीजन को अवरोध पहुंचाने वाले दैत्यों का वध करके प्रकृति की रक्षा की। जब श्रीराम ने हमें प्रकृति के साथ जुड़कर रहने का संदेश दिया है तो हम वर्तमान में क्यों प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने में लगे हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति की रक्षा करें। गोस्वामी तुलसीदास ने 550 साल पहले रामचरित मानस की रचना करके श्रीराम के चरित्र से दुनिया को श्रेष्ठ पुत्र, श्रेष्ठ पति, श्रेष्ठ राजा, श्रेष्ठ भाई, प्रकृति प्रेम और मयार्दा का पालन करने का संदेश दिया है। रामचरित मानस एक दर्पण है जिसमें व्यक्ति अपने आपको देखकर अपना वर्तमान सुधार सकता है एवं पर्यावरण की विकराल होती समस्या का समाधान पा सकता है।

प्रकृति एवं पर्यावरण के आधार नदियों एवं पहाड़ों के साथी बनना होगा, उनका संरक्षण एवं सम्मान करना होगा, तभी विश्व विरासत दिवस मनाना सार्थक होगा। भारत में विश्व धरोहरों का सम्मान इसलिए भी ज्यादा जरूरी है क्योंकि लंबे समय तक भारत पहले विदेशी आक्रांताओं और फिर साम्राज्यवादी लूट-खसोट का केंद्र रहा है, इसलिए पिछले लगभग 1000 सालों में भारत की सांस्कृतिक विरासत न सिर्फ बड़े पैमाने पर छिन्न-भिन्न हुई बल्कि इन विदेशी लुटेरों और साम्राज्यवादी षड़यंत्रकारियों ने लोगों के दिलोदिमाग में ऐसी हीनताबोध भी भर दिया कि आम हिंदुस्तानियों को अपने इतिहास, संस्कृति और परंपरा में कोई ऐसी महत्वपूर्ण चीज ही नजर नहीं आती थी, जिसे सांस्कृतिक धरोहर मानकर उसके प्रति गौरवबोध का एहसास हो। आदर्श समाज व्यवस्था का मूल आधार है प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ संतुलन बनाकर जीना। रामायण में आदर्श समाज व्यवस्था को रामराज्य के रूप में बताया गया है उसका बड़ा कारण है प्रकृति के कण-कण के प्रति संवेदनशीलता। विश्व विरासत दिवस केवल उत्सव मनाने का दिन नहीं है, बल्कि चिंतन, कार्रवाई और प्रतिबद्धता का दिन है। इस अवसर का उपयोग सभी के लाभ के लिए अपने सांस्कृतिक धरोहर और प्राकृतिक संरक्षण में योगदान देना है। यह वैश्विक आयोजन सांस्कृतिक धरोहर के प्रति चिंतन करता है और इन अमूल्य खजानों के साथ जुड़ाव को प्रोत्साहित करता है। यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए इन स्थलों, महानायकों, अमूल्य ग्रंथों को संरक्षित और सुरक्षित रखने के महत्व को पहचानने, दुनिया भर में उनकी सुंदरता, ऐतिहासिक महत्व और सांस्कृतिक महत्व के लिए सराहना को बढ़ावा देने का अवसर है।

# क्या नेता यूपीएससी के जरिये चुने जाएँ?

@ राकेश अचल
achalrakesh1959@gmail.com



चूंकि मै किसी राजनीतिक दल का प्रचारक नहीं हूँ इसलिए मुझे केंचुआ रंजीत सिंह सुरजेवाला की तरह 48 घंटे के लिए बैन नहीं कर सकता। मै रोजाना आपके लिए लिखता हूँ और आज भी लिख रहा हूँ। आज मैंने संघ लोकसेवा आयोग के नतीजों की खबर पढ़ी तो मुझे ख्याल आया कि क्यों न देश में सांसदों के चयन के लिए संघ लोकसेवा आयोग को ही मुकर्रर कर दिया जाए। यूपीएससी यानि संघ लोकसेवा आयोग वैसे भी लोक सेवक ही तो चुनता है, फिर नेताओं को क्यों नहीं चुन सकता ? आखिर नेता भी तो लोकसेवक ही होते हैं ?

यूपीएससी का इतिहास काफी पुराना है। ये संगठन 1854 से देश के लिए लोक सेवक चुनता आ रहा है। पहले ये आईसीएस चुनता था लेकिन 1922 से आईएएस चुन रहा है। पहले यूपीएससी का नाम एफपीएससी था लेकिन भारत की आजादी के बाद जैसे ही देश में नया संविधान बना इसका नाम यूपीएससी हो गया। यूपीएससी को मै केंचुआ से ज्यादा महत्वपूर्ण मानता हूँ, क्योंकि केंचुआ तो देश के लिए पांच साल में एक बार 543 लोक सेवक चुनता है लेकिन यूपीएससी तो लगातार ये काम करता है। इस साल भी यूपीएससी सीएसई 2023 के परिणामों में 1143 रिक्त पदों के मुकाबले 1016 के चयन की सूची जारी की गई है। इन सभी को आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, ग्रुप ए और ग्रुप बी सर्विस में सरकारी नौकरी मिलेगी। यदि संघ लोकसेवा आयोग को ये काम सौंपा जाये तो संसद में जाने से पहले सभी नेताओं को एक नहीं बल्कि दो-दो इम्तिहान देना पड़ें। मजेदार बात ये हो कि भावी लोकसेवकों को न टिकिट पाने के लिए किसी की चिरौरियाँ करना पड़ें और न नोट देना पड़ें। किसी हाईकमान की, किसी संसदीय बोर्ड की जरूरत ही न पड़े।

कम से कम न्यूनतम योग्यता वालों को ही संसद में जाने की पात्रता तो होगी। अभी तो संसद में जाने की कोई न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता तय ही नहीं है। अभी तो बस आपकी उम्र 25 साल के ऊपर होना चाहिए। आपकी योग्यता का पैमाना आपकी शिक्षा, चाल-चलन नहीं है, आपका पुलिस से चरित्र सत्यापन भी जरूरी नहीं है। आप खुद अपने ऊपर चले रहे मामलों की जानकारी दे दें तो आपकी कृपा है। आपने नेता बनने से पहले कितना, क्या और कैसे कमाया ? कोई नहीं पूछता। ईडी, सीबीआई तो बाद में आपके पीछे लगती है। वो भी तब जब आप सत्ता के साथ नहीं बल्कि आश्रम के साथ खड़े होते हैं तब।

केंचुआ को संसद सुनने से पहले आदर्श आचार संहिता लगना पड़ती है जो उसके हिसाब से नहीं सत्ताधीशों के हिसाब से काम करती है। केंचुआ किसी को भी चुनाव से पहले और चुनाव के बाद एडवायजरी जारी कर सकता है, किसी को भी चुनाव प्रचार करने से रोक सकता ह। केंचुआ किसको कितनी आजादी दे ये सत्ता तय करती है, केंचुआ नहीं। यूपीएससी में ये सब झंझट नहीं है। निर्धारित अहर्ता है तो पहले प्रिलिम्स में उत्तीर्ण होइए और फिर मुख्य परीक्षा में अपनी योग्यता का मुजाहिरा कीजिये। अगर योग्यता नहीं है तो चाहे चाय बेचिये या पकौड़े। कोई रोकने वाला नहीं। सांसद बनने के लिए कोई न्यूनतम योग्यता नहीं है। चाय बेचने वाला हो, मजदूर हो, हत्याभियोगी हो, जेबकतरा हो, संसद के लिए चुनाव लड़ सकता है। केवल सजायाफ्ता नहीं होना चाहिए, हो भी तो दो साल से कम की सजा वाला हो।

मुमकिन है कि आप मेरी कल्पना पर हँसे, मुझे मूर्ख भी कहें, आपको ये छूट भारतीय संविधान ने दी है। सत्ता आपको ये छूट नहीं देती, लेकिन चूंकि मै संविधान के विधान को मानता हूँ इसलिए मै आपको ये आजादी देता हूँ। मै आजादी का परम उपासक भी हूँ और समर्थक भी। मैंने 1975 में भी आजादी पर हमलों का विरोध किया था और पचास साल बाद 2024 में भी कर रहा हूँ। मुझे जब से मतदान का अधिकार मिला है मै नेता की सूरत देखकर मतदान नहीं करता। मै पार्टियों का चल, चरित्र और चेहरा देखता हूँ। मै मंदिर-मस्जिद, मजहब के नारे देने वालों को भूलकर भी वोट नहीं देता। मै वोट देने से पहले उम्मीदवार की जाति या छाती का आकार भी नहीं देखता। अनेक मौकों पर ऐसा हुआ कि मुझे अपने इलाके में कोई उम्मीदवार समझ नहीं आया तो मैंने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। मेरी इस मूर्खता की वजह से बज्जर मूर्ख उम्मीदवार जीत गए। इसका अफसोस मुझे आजतक है।

भारत में यदि सब कुछ संविधान के मुताबिक चले और सांसद चुनने का काम भी यदि संघ लोकसेवा आयोग जैसे किसी संस्थान को सौंप दिया जाये तो मै अपना मताधिकार तक समर्पित करने को राजी हूँ। मेरा वोट खरीदने वाले देश में ढेरों है। मान लीजिये कि यदि मै अपना वोट न भी बेचूँ तो खरीदार मेरे वोट से चुने सांसद और विधायक को खरीद लेते हैं। वे तो पूरी की पूरी सरकार ही खरीद लेते हैं। आपका लोकसेवक यदि किसी आयोग द्वारा तय परीक्षा से चुना जाएगा तो कम से हाल के हाल तो नहीं बिकेगा। उसे भ्रष्ट होने में कुछ वक्त लगेगा। वो थोड़ा-बहुत तो नैतिक होगा। वो आपने हाथ से अपने वेतन-भत्ते नहीं बढ़ा पायेगा। वो संसद में पहूंचकर केवल मेजें नहीं थपथपाएगा। केवल अपने नेता के नाम की माला नहीं जपेगा। उसे जिस काम के लिए भेजा गया है, वो काम भी करेगा।

अभी तो मै देखता हूँ कि आप केंचुआ की देखरेख में चुनते हैं, उसका कोई खड़ा [भरोसा ] नहीं। चुनाव के बाद वो आपको मिल ही जाये इसकी कोई गारंटी नहीं है। न राहुल बाबा इसकी गारंटी दे सकते हैं और न मोदी बाबा। संघ लोकसेवा आयोग द्वारा चुने जाने वाले लोकसेवकों को ये आजादी नहीं है। वे निलंबित किये जा सकते है। बर्खास्त किये जा सकते हैं। उनका तबादला किया जा सकता है। उनके वेतन-भत्ते रोके जा सकते हैं। उनके खिलाफ आय से ज्यादा सम्पति रखने पर कार्रवाई हो सकती है। केंचुआ की देखरेख में चुने जाने वाले लोकसेवक परम स्वतंत्र होते हैं। वे किसी को भी मार्गदर्शक मंडल में डाल सकते हैं और किसी को भी बाहर निकाल सकते हैं भले ही वे खुद मार्गदर्शक मंडल में जाने की पात्रता रखते हों। अभी हम जिन लोकसेवकों को चुनते हैं उन्हें रिटायर नहीं किया जा सकता। वे जब चाहें तब तक चुनाव लड़ सकते हैं, राजनीति कर सकते हैं। जितना चाहे कमा सकते हैं

बहरहाल मेरी कल्पना अभी हाल-फिलहाल तो साकार नहीं हो सकती। इसलिए १९ अप्रेल को जब आप पहले चरण के लिए लोकसेवक चुनने जा रहे हों तो अपनी आँखें खोलकर रखें। उन्हें चुनें जो राम के नाम पर वोट न मांग रहे हो। जो मजहब के नाम पर कटोरा लेकर आपके घर न आये हों। जिन्होंने अपनी गरीबी का रोना न रोया हो। जो झारखण्ड में सीताहरण कि लिए दोषी न हों मै आपसे किसी दल विशेष के प्रत्याशी को वोट देने के लिए नहीं कहूंगा। मेरा आग्रह तो ये है कि आप अपने प्रत्याशी का चाल, चरित्र और चेहरा देखे। देखें कि वो आपको व्यापारियों की तरह सेवा करने की गारंटी न देता हो, जो बहुरूपिया न हो। आदि,,,आदि।

# स्वार्थ के जबड़ों में दुनिया (कहानी)

जेठ की तपती दुपहरी थी। सूरज अपने पूरे परवान पर था। लू ही लू बुदबुदाहट करती महसूस होती थी। चहुंओर थीं तो बस आग की लपटें। गांव की गलियों में सन्नाटा पसरा हुआ था।कभी घंटे दो घंटे में एकाध मोटरसाइकिल गांव की कच्ची सड़कों पर फट-फट की आवाज के साथ निकल जाता था। खौफनाक लू के थपेड़ों के बीच मैं गांव में बने पुराने मकान के बड़े दरवाजे के पास बने एक विशाल कमरे में मूंज की चारपाई पर बैठा आने -जाने वालों को निहारता रहता था, लेकिन उस मौसम में वक्त जैसे ठहर -ठहर सा गया था। ऐसे में दरवाजे के एक ओर विशाल कमरे में बनी पत्थर की टांड पर बने गौरैया के घौंसले से राहत की आवाज, मेरे दिल व आत्मा को सुकून देती थी। गौरैय्या के बच्चों की चीं-चीं सन्नाटा तोड़ती थी और मेरा मन खूब बहलता था। उस विशाल कमरे में दो मूंज की चारपाईयों के अलावा गर कुछ मौजूद था तो वह था टांड पर रखा एक पुराना चरखा और चरखे के पास एक ओर बिखरे अनगिनत तिनके, घास-फूस, रूई व कागज के कुछ टुकड़े।

मैं गौरैया व उसके बच्चों की चीं-चीं की आवाज के सम्मोहन में हमेशा खुश रहता। अपनी खुशी व आनंद के लिए ?जाना गौरैया व उसके बच्चों को रोटी व दाना-चुग्गा डाल देता। गर्मियों में यह मेरा रोज का कर्म बन गया था। सच तो यह है कि गौरैय्या का कुनबा मेरे परिवार का हिस्सा बन गया था। मुझे याद है कि मैं घंटों घंटों तक गौरैया को नीड़ निर्माण के कार्य में संलग्न देखता, उसकी कला को निहारता। कभी वह तिनके, कभी घास, कभी कागज, कभी रूई के फाहे तो कभी सूखे पत्ते लेकर लौटती। कभी सुस्ताती तो कभी गाती। अपनी सेज तैयार करती। एक दिन देखा, उसका नीड़ बनकर तैयार था। अब वह गौरैया मेरे घर की पक्की सदस्या हो गई थी। भीषण गर्मी में भी गांव में मेरे दिन गौरेया की अठखेलियों के बीच अच्छे खासे गुजर रहे थे।

तभी एक रोज मैं दादाजी के साथ गांव से शहर लौट आया। मां गांव में ही थी। मुझे बाद में पता चला कि मेरे शहर आने के बाद एक दिन भीषण गर्मी में मां भरी दुपहरी में घर-आंगन की साफ सफाई में जुटी थी। शायद इसीलिए कि यह माना जाता है कि स्वच्छता में ईश्वर का निवास होता है। मां साफ-सफाई नहीं करती तो जमाना मां के बारे में क्या सोचता ?

तभी मां की नजर यकायक बड़े दरवाजे के पास बने उस विशाल कमरे पर पड़ी, जो मेरे बचपन की गोरैया संग यादों का केंद्र था। यह कमरा गौरैया की बीटों से काफी दिनों से बहुत गंदा हो रहा था। मेरी धमा-चौकड़ी का यह आश्रय स्थल गौरैया द्वारा फर्श पर जगह जगह फैलाये तिनकों, घास के सूखे पत्तों, रूई व धागों इत्यादि से लैस हो गया था और मां की आंखों में काफी दिनों से शायद(जमाने को देखते हुए)गड़ने-चुभने सा लगा था। मैं गांव में होता था तो मां की डांट-डपट से बचने के लिए अक्सर फर्श पर पड़ी बीटों व अन्य गंदगी को साफ कर देता था। ताकि मां कभी मेरे सपने के आशियाने को यूं ही तोड़ बिखेर न दे। मेरी छोटी बहन नीलिमा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों के बीच घर-आंगन की साफ सफाई के लिए समय नहीं निकाल पा रही थी। मेरे शहर आने के बाद उस दिन मां ने स्वयं ही शायद साफ-सफाई के लिए ज्यादा हिम्मत दिखाई थी। तभी तो झाड़ू उठाये उतावली सी वह दोपहर के समय में ही उस विशालकाय कमरे की ओर चल पड़ी थी। टांड पर काफी दिनों से गौरैया ने नीड़(घोंसला) बना रखा था। आखिर जीव जंतु भी भीषण गर्मी में बसेरा करें तो कहाँ करें ? गांव में हमारा पुराना का घर जैसे उस गौरेया के लिए रैन बसेरा बन चुका था। मां रोज आंगन बुहारती थी, मेरे शहर आने के बाद कमरा बंद पड़ा था। खुला था सिर्फ एक रोशनदान, जो गौरैया के लिए शायद प्रवेश द्वार था। मां ने उस दिन कमरा सफाई के उद्देश्य के लिए खोल दिया था। मां ने देखा कि कमरा व उसकी टांड काफी गंदगी से अटी पड़ी थी। टांड पर रखा चरखा बीटों व घास फूस, तिनकों से ओतप्रोत था। घर के वातावरण में जगह जगह बींट के छोटे ढ़ेर ने दुर्गंध ही दुर्गंध फैला दी थी और यह दुर्गंध परिवार के हरेक सदस्य के नथुनों में हर रोज उतर रही थी लेकिन मां के अलावा किसी ने भी इसे साफ करने का बीड़ा नहीं उठाया था। शायद इसीलिए कि कोई भी गौरैया के घौंसले को तोड़ना बिखेरना नहीं चाहते थे। यहां तक कि मां भी नहीं, लेकिन साफ-सफाई रखना भी तो जिम्मेदारी है।

उस दिन मां की नजर रोशनदान व टांड पर पड़ी। मां ने झाड़ू से गौरैया के घोंसले को नीचे जमीन पर गिरा दिया। घोंसले में गौरैया के दो अंडे.नजर आये, जो कि ईश्वर की कृपा से सुरक्षित जमीन पर पहुंचे थे। मां का मन यकायक पसीज गया था। आखिर किसी के बच्चों को छीनने वाली वह कौन होती हैं ? मां तो वैसे भी मां ही हैं आखिर दया, करूणा उसका गहना हैं। उसके आंचल में दूध हैं, वह किसी का भी अहित कैसे कर सकती हैं ? बिखरे घोंसलें को देखकर मां का मन दुखी हो गया था। बूढ़े हाथों से घोंसलें को उठाकर मां ने दुबारा टांड पर रख दिया। उसकी साफ- सफाई का अभियान धरा का धरा रह गया। मन में बैचेनी, दुख का भाव लिए अफसोस आंखों में उतर आया था। तभी बहिन नीलिमा ने आवाज दी थी ' मां चाय तैयार हैं, पी लिजिए।'

# चित्रकूट संदेश

## तीर्थक्षेत्र में १२ बजते ही गूंजी राम धुन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भगवान राम की तप स्थली पर रामनवमी की धूम रही। तीर्थ क्षेत्र के मठ-मन्दिर ंकी आकर्षक सजावट की गई। सवेरे से भगवान राम के जन्म उत्सव मनाने की तैयारियां होती रहीं। फलाहरी व पकवान ें पर सा गया। जैसे ही घड़ी में 12 बजे की घण्टी सुनायी पड़ी। वैसे ही पूरे क्षेत्र में भये प्रकट कृपाला दीनदयाला, कौशिल्या हितकारी की आवाज गूंज उठी। भक्तगण एक-दूसरे के भगवान राम के जन्म उत्सव की बधाई देने लगे। मन्दिर ं में घण्टे घड़ियाल के साथ भक्ति गीत-संगीत गूंजता रहा। देर शाम तक मन्दिर ं में भण्डारे चलते रहे। रामघाट से छोटी परिक्रमा करने क राम दल निकला। निम ंही अखाड़ा से हाथी-घ ड़ा पालकी व बैण्डबाजे के साथ भगवान राम की शोभा यात्रा परिक्रमा मार्ग पर निकली। इसका जगह-जगह पर भक्त ं ने रोककर स्वागत किया। भक्त ं ने दोपहर 12 बजे से रामनवमी पर रात भर भजन-कीर्तन गाये। जानकी कुण्ड स्थित कांच मन्दिर में जगदगुरु रामभद्राचार्य ने भक्तों के राम के चरित्र एवं कृतित्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि राम ने हर कार्य मर्यादा में रहकर किया है। उन्ह ंने पिता व मां की आज्ञा का पालन करने में कोई चूक नहीं की। 14 वर्ष तक माता-पिता के आदेश पर वनवास में रहे। मौजूद महिलाओ ं ने राम जन्म पर सोहर व बधाई गीत गाकर तीर्थ क्षेत्र क राममय कर दिया। कार्यक्रम की समाप्ति पर फूल ं की वर्षा कर खिलौने व टाफियां बांटी गईं। सभी लोगो ं ने यथा उचित प्रसाद ग्रहण किया। निम ंही अखाड़ा में 14 वटुक ं का यज्ञोपवीत वैदिक विधि से सम्पन्न कराया गया।

## भगवा रंग में सभी दलों के लोग नजर आये रंगे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रामनवमी पर्व पर सूबे में योगी सरकार होने पर ऐसा भव्य जुलूस निकला कि जिले में पहले कभी ऐसा जुलूस नहीं निकला। जुलूस में शामिल लोगों ने मुख्यालय को जय श्री राम के नारों से गुंजायमान कर राममय कर दिया। जुलूस में रिक्शा, ठेलिया, चाय-पान वालों ने इस कदर शिरकत की कि जुलूस भव्य हो गया। जुलूस का स्वागत करने में वह लोग ज्यादा हिस्सेदारी लेते दिखाई दिये जो कल तक सपा-बसपा के गुणगान गाते रहे हैं। ऐसे लोगों ने कहीं जुलूस का लड्डुओं से तो कहीं फूलों से स्वागत कर भगवान श्रीराम में अपनी आस्था इस कदर जताई, मानो उनसे बड़ा कोई भाजपाई नहीं है। यहां तक कि लोगों ने रामनवमी पर्व पर अपनी जगह-जगह होर्डिंगें भी लगवा रखी हैं।

## युवाओं ने जोश से मनाई रामनवमीं पर्व

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय में रामनवमीं का पर्व हिन्दु भाइयों ने पूरे जोश-खरोश से मनाया। पूरे शहर में हजारों लोगों ने शोभा यात्रा निकाली। शोभायात्रा में योगी बाबा के कई बुलडोजर शामिल थे। बुलडोजरों को शोभायात्रा में शामिल कर लोगों में दहशत फैलाई जा रही थी। शहर में जगह-जगह स्वागत हुआ। भीषण गर्मी से शोभा यात्रा में शामिल लोगों को राहत देने को समाजसेवी रामबाबू गुप्ता ने शरबत व ठंडे पानी की व्यवस्था कर रखी थी। उन्होंने लोगों को ठंडा पानी पिलाकर मिठाई खिलाई। शोभायात्रा में सांसद आरके सिंह पटेल, शक्तिप्रताप सिंह तोमर, शानू गुप्ता समेत हजारों लोग शामिल रहे।

## मंगलगीतों के बीच मनी रामनवमीं

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गायत्री शक्तिपीठ, महिला पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान के तत्वावधान में महिला अल्पावास सदन गोकुलपुरी में महिलाओ ने वैदिक मंत्रों कह बीच हवन-पूजन एवं मंगलगीतों क गाकर रामनवमीं उत्सव मनाया। गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्र साधना में सवा करोड़ गायत्री मंत्र की सामूहिक जपसाधना की गई। पं श्रीराम शर्मा आचार्य के जीवन दर्शन पर आधारित प्रदर्शनी का लोकार्पण किया गया।

# नवमी पूजन के बाद धूमधाम से मनाया श्रीराम उत्सव

## हवन पूजन के बाद मनाई गयी रामनवमी, मन्दिर में कराया गया कन्या भोज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बदलते जमाने के चलते जिले में चैत्र नवरात्र नौ दिन ं तक मां दुर्गा की श्रद्धापूर्वक पूजन-अर्चन के बाद साझी संस्कृति के तहत रामनवमी पर्व पूरे जिले में धूमधाम से मनाया गया। नौ दिन ं तक जगह-जगह कन्याओ ंको श्रद्धालुओ ने भजन कराया।

देवी-मन्दिरो में महिलाओं ने नेवज चढ़ाकर रामनवमी पर्व मनाया। श्रद्धालुओ के बीच कई स्थान ं पर झूमते नजर आए। तीथ क्षेत्र पूरी तरह से राममय नजर आ रहा था। रामनवमी पर्व पर मुख्यालय में भव्य जुलूस निकाला गया।

बुधवार को जिले में चैत्र नवरात्र पर विभिन्न देवी-मन्दिर में खासी धूमधाम रही। सवेरे से लोगो ने कन्याओ ंको श्रद्धापूर्वक भोज कराकर यथा उचित दक्षिणा देकर खुद को धन्य किया। सवेरे-शाम मन्दिर ं में श्रद्धालुओ ंकी पूजन-अर्चन के भारी भीड़ उमड़ती रही। इस दौरान परम्परागत ढंग से चैत्र नवरात्र मनाने वाले श्रद्धालुओ ने अपने घर में जवारे आज जवार ं को लेकर श्रद्धालु देवी-मन्दिर ं में जाकर परम्परागत करूआं व उमाह देवी-गीत हालांकि अब नई पीढ़ी के लोग की समझ से परे है।

बावजूद इसका अभी भी जिले में अहिरन मोहल्ला व ंपागा तथा बनाड़ी गांव समेत तमाम गांव ंमें गरीब तबके की बस्तिय में इन गीत ंको जानने वाल की कमी नहीं है। देवी मां की अराधना में इन गीतो को



गाने वाले श्रद्धालु इस कदर मस्त हो जाते हैं कि वह अपनी सुध-बुध खो कर पूरी तरह से देवी भक्ति में लीन दिखते हैं। इन्हे देखने को आस-पास के लोग ही नहीं, बल्कि पास-पड़ोस के ग्रामीण भी इनके इस पर्व पर उत्साह पूर्वक हिस्सा लेते हैं। सम्पन्न लोग यथ चित प्रसाद चढ़ाकर खुद को धन्य समझते हैं।इस बार परम्परा से हटकर रामनवमी पर्व में भारी तादाद में मुस्लिम भाइय ं ने हिस्सा लेकर साझी संस्कृति का परिचय दिया है। भगवान राम ने मर्यादा कह तहत समता मूलक समाज की संरचना की कल्पना की थी। वह आदर्श राजा व प्रजापालक को साथ युद्ध भी मर्यादा में रहकर लड़ते रहे हैं। सभी लोग के राम के आदर्शों का अनुसरण कर अपना जीवन धन्य बनाना चाहिए। आदर्श काम करने वाले प्रत्येक महान व्यक्ति को से वर्ष बाद लोग भगवान का स्वरूप मान लेते हैं। इस पावन पर्व पर सभी लोग भ्रष्टाचार समाप्त करने का संकल्प लें। यहां जिला मुख्यालय में पुरानी बाजार स्थित काली देवी मन्दिर में आज देवी भक्त ंकी ऐसी भीड़ उमड़ी कि लोग को देवी के दर्शन करने को घण्टे ं लाइन लगानी पड़ी। झारखण्डी देवी व बन्ध इन की काली देवी तथा लालापुर की असावर माता के मन्दिर ं में तमाम श्रद्धालु व महिलाओ के पूजन-अर्चन करने में खासा विलम्ब हुआ। जल्दबाजी में मन्दिर का पण्डा पूजन सामग्री लोगो के अदल-बदल कर देता रहा, लेकिन किसी ने इसका प्रतिवाद नहीं किया।

## २८ को पाल समाज लोस चुनाव में एकजुट होकर मतदान का लेगा निर्णय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पूर्व निर्धारित एजेंडा के तहत पाल क्षत्रिय महासभा के संरक्षक बीडी पाल की अध्यक्षता में पाल क्षत्रिय आश्रम चित्रकूट में बैठक हुई। लोकसभा चुनाव में एकजुट होकर मतदान का फैसला लिया।

बुधवार को समाजसेवी नेता व बुद्धिजीवी लोगों ने फैसला लिया कि पाल समाज के तकरीबन एक लाख वोट हैं। लोकसभा चुनाव में एकजुट होकर मतदान करने का निर्णय लिया। 28 अप्रैल को बडी बैठक में तय किया जायेगा कि किसके पक्ष में मतदान करें। बैठक में खासतौर से पाल महासभा के संरक्षक जगमोहन पाल, जमुना



बैठक करते पाल समाज के लोग।

प्रसाद पाल, अध्यक्ष कुबेरपाल, उपाध्यक्ष विनय कुमार पाल एड, कोषाध्यक्ष रामचरण पाल, विनोद पाल एड, लवलेश पाल एड, दिनेश पाल एड, धर्मेंद्र पाल, तहसील अध्यक्ष गया प्रसाद पाल, रमेश पाल, सुरेश पाल, नन्दलाल पाल, मनोज पाल आदि ने एक स्वर से किसी एक के पक्ष में मतदान का निर्णय लिया।

## भए प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी

### जय घोष से मुहूर्त में रघुवीर मन्दिर में हुआ श्रीराम जन्म

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भगवान श्रीराम के वनवास काल की साक्षी तपोभूमि चित्रकूट के रघुबीर मन्दिर (बड़ी गुफा) सदगुरुदेव श्री रणछोड़दास जी महाराज के आश्रम में बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया गया। सुबह से ही मन्दिर में दर्शनार्थियों का तांता लगने लगा। सुबह श्री रामचरितमानस का नवान्ह पारायण सम्पन्न हुआ। ठीक 11 बजे से मन्दिर प्रांगण में बधाई गीतों का गायन भक्तिभाव से हुआ। पुष्पों की होली खेली गई।

ठीक दोपहर 12 बजे शंख,



भगवान राम की झांकी व आरती करते श्रद्धालु।

घण्टे और घड़ियाल ढोल नगाड़ों एवं वेद मंत्रोच्चार के स्वर के बीच मन्दिर के कपाट पुजारी ने खोले। भगवान श्रीराम का जन्म हुआ, नयनाभिराम श्रृंगार में सुसज्ज भगवान युगल सरकार की आरती देखने एवं दर्शन करने हजारों की संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए। सभी ने भए प्रकट कृपाला दीन दयाला की स्तुति की एवं एक दूसरे को राम जन्म की बधाई दी। इसके बाद जन्मोत्सव के निमित्त साधु, अभ्यागत का भंडारा आयोजित किया गया। भगवान के जन्मोत्सव का पूजन श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री विशद मफतलाल एवं उनकी पत्नी श्रीमती रूपल मफतलाल ने सपरिवार किया, साथ ही नौ दिवसीय रामकथा के व्यास मिथिला धाम से पधारे पूज्य किशोरीशरण मधुकर महाराज, ट्रस्टी डॉ बीके जैन, डॉ विष्णु जोबनपुत्रा, नंदा बल्लभ लोहनी, डॉ इलेश जैन के साथ गुरु बहन दमयंती बेन, रमा बेन, मिलोनी बेन, भारती जोबनपुत्रा, उषा जैन, आचार्य भौतेश शास्त्री, अनिल शास्त्री, सुरेन्द्र शास्त्री समेत हजारों की संख्या में भारत भर से आये गुरु भाई-बहन, सन्त-महन्त, विद्यार्थी एवं सदगुरु परिवार के सदस्य मौजूद रहे। इस मौके पर ट्रस्टी डॉ जैन ने सभी को रामजन्मोत्सव की बधाई दी है।

## विभिन्न थाना पुलिस ने छह वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने छह वारंटी को गिरफ्तार किया। बुधवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा अशोक कुमार ने सिपाही बहोरन सिंह के साथ मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी के वारंटी बालकेश पटेल पुत्र भइयालाल भरतपुरी को गिरफ्तार किया। पहाडी थाने के दरोगा अवधनारायण ने सिपाही विनोद कुमार के साथ दुर्घटना में घायल कर क्षति पहुंचाकर मार डालने के वारंटी वेद प्रकाश पुत्र गोपाली रमयापुर को गिरफ्तार किया। पहाडी थाने के दरोगा विपिन कुमार मिश्रा ने सिपाही संतोष कुमार के साथ हादसे के वारंटी जगदीश प्रसाद पुत्र धुधुवा चैरा को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की अगुवाई में दरोगा चन्द्रमणि मिश्रा ने सिपाही अतुल मिश्रा के साथ गुण्डा एक्ट के वारंटी हीरालाल पुत्र सुन्दरवा विलास थाना सरधुवा को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में दरोगा इमरान खान ने विद्युत अधिनियम के वारंटी करन पुत्र फूलचन्द्र सोनकर किशनपुर जिला फतेहपुर हाल मुकाम तुलसी चैक राजापुर को गिरफ्तार किया। कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा अशोक सिंह ने सिपाही आदित्य के साथ आबकारी अधिनियम के वारंटी मुन्ना पुत्र रामा लक्ष्मणपुरी को गिरफ्तार किया।

## दरकते मतों में मोदी की तस्वीर में दरार

### इंडिया गठबंधन 335 व बीजेपी 178 पर सिमटने के आसार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पूरे देश में लोकसभा की 543 सीटों के सरसरी तौर पर सर्वे में भाजपा को तीसरी बार सरकार बनाने में दिक्कतें दिख रही हैं। मोदी सरकार के दरकते मतों में मोदी की तस्वीर में भी दरारें दिख रही हैं। दिन-प्रतिदिन मोदी के मतों पर इंडिया गठबंधन कांग्रेस झटका देती नजर आ रही है।

भले ही भाजपा खूब जोर-शोर से 400 पार का नारा दे, लेकिन नारों से देश नहीं चलता। भाजपा के संकल्प पत्र में भी लोगों को कुछ खास नजर नहीं आ रहा। मुद्दों पर बात न कर 2047 का

### कांग्रेस इंडिया की बनती दिख रही सरकार

विजन संकल्प पत्र में भाजपा दिखा रही है। लोगों को आज की चिन्ता है- 2047 किसने देखा है। इसे लेकर पूरे देश में विभिन्न चैनलों के सरसरीतौर पर सर्वे में उभरी तस्वीर में मोदी के मतों में दरार आ गई है। यूपी में मोदी को अधिकतम 45 सीटें मिलतीं दिख रही हैं।

26 दलों का कांग्रेस-सपा का गठबंधन बीजेपी एनडीए पर भारी पडता दिख रहा है। महाराष्ट्र में 48 में 32 सीटें कांग्रेस व दस सीटें बीजेपी तथा बिहार में 40 सीटों में 30 कांग्रेस व दस बीजेपी को मिलती दिख रही हैं। गुजरात मोदी के गढ में 20 बीजेपी व छह कांग्रेस को मिलती दिख रही हैं। तमिलनाडु में स्टालिन की सरकार है, वहां बीजेपी का कुछ नहीं है। सबसे ज्यादा बढत कांग्रेस को तमिलनाडु से 39 सीटें पूरी मिलती दिख रही हैं। यही हाल पंजाब में 12 सीटों में 11 सीटें कांग्रेस व एक बीजेपी को मिलती दिख रही हैं। यहां बीजेपी का अकाली दल से नाता टूटने का खामियाजा भुगतना पड रहा है। यही हाल बंगाल में 42 में 32 सीटें कांग्रेस व दस सीटें बीजेपी को मिलने के आसार हैं। कर्नाटक में 28 सीटों में दस बीजेपी व 18 कांग्रेस को, तेलंगाना में 17 सीटों में बीजेपी दो व कांग्रेस 11, अदर्स चार सीटें पा रहा है। इस तरह से कुल मिलाकर लब्बोलुआब पूरे देश में मोदी की तस्वीर में दरारें दिख रही हैं। बीजेपी पूरे देश में 543 में 178 सीट व 26 दलों का गठबंधन कांग्रेस को 335 सीटें मिलती दिखाई दे रही हैं। अदर्स को 30 सीटें मिलने के आसार हैं। केन्द्र में सरकार बनाने को 272 का आंकडा होना चाहिए, ऐसे में कांग्रेस की सरकार बनती दिख रही है।



शोभायात्रा निकालते लोग।

## विहिप-बजरंग दल ने निकाली शोभायात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** नगर पंचायत मऊ में रामनवमी पर्व पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने नगर पंचायत मऊ में धूमधाम से झंडा बांटकर शोभायात्रा निकाली।

बुधवार को शोभायात्रा का शुभारंभ मऊ नगर के मां कालिंदी किनारे स्थित प्राचीन कैलाश बिहार शिवबाबा मंदिर परिसर से शुरु हुई। सैकड़ों की तादाद में नगरवासी भगवान श्रीराम की शोभायात्रा में शामिल हुए। जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से जयकारे करते हुए शोभायात्रा में चलते रहे। शोभायात्रा अंबेडकरनगर होते हुए मऊ बाजार में प्रवेश किया। नगर के सैकड़ों लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा सब्जीमंडी स्थित श्री रामजानकी विराजमान मंदिर धर्मशाला में संपन्न हुई। प्रभु श्रीराम के पूजन-आरती बाद यात्रा का समापन हुआ। नगर की ये यात्रा कई वर्षों से अनवरत रामनवमी पर्व पर निकाली जा रही है।

इस बार रामलला के मंदिर में विराजमान होने पर यात्रा ने भव्यता का रूप लिया। छोटे से बालक को प्रभु राम के बतौर रथ में बैठाकर नगर भ्रमण करवाया गया। इस मौके पर विहिप के प्रखंड पालक मुकेश बाजपेई, संरक्षक हरिशरण द्विवेदी, मऊ चेयरमैन अमित द्विवेदी, प्रखंड मऊ अध्यक्ष सुरेश तिवारी, महाशय द्विवेदी, सह संयोजक अंकित शुक्ला, बजरंग दल संयोजक शिवांश केशरवानी, संदीप श्रीवास्तव, संजय द्विवेदी, प्रकाश द्विवेदी, मनीष तिवारी, अंकित, विजय, अर्चित, पप्पू माली, अंकुर, सौरभ, शुभम, हर्षित, विकास, विपुल, बेटू, राजा, प्रकाश व अन्य कार्यकर्ता व नगरवासी मौजूद रहे।

## तीन के कब्जे से सौ लीटर महुआ-पचास क्वार्टर शराब बरामद

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने तीन के कब्जे से सौ लीटर महुआ व पचास क्वार्टर देशी शराब बरामद की है। बुधवार को सरधुवा थाने के दरोगा चन्द्रमणि पाण्डेय ने सिपाही अतुल मिश्रा के साथ जितेन्द्र सिंह पुत्र शिव सिंह चांदी के कब्जे से सौ लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। भरतकूप थाने के दरोगा बालकिशुन ने सिपाही शिवम मिश्रा व महिला सिपाही सुचेता साहू के साथ शिवऔतार पुत्र जगरुप प्रसाद अकबरपुर के कब्जे से 34 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया।

## आग से 48 बीघा अरहर फसल हुई स्वाहा

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** किसानों की फसलों पर दैवीय आपदा का खतरा मंडराता रहता है। किसान आपदाओं के बीच फसलों से पैदा अन्न से साल भर जीवनयापन करता है।

बुधवार को मऊ क्षेत्र के मवईकला गांव में अज्ञात कारणों के चलते अरहर की फसल में आग लगने से दर्जनों किसानों की भारी क्षति हो गई। मवईकला में बुधवार को पूर्वान्ह 11 बजे अरहर खेत में आग की लपटे देख लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। ग्रामीण रामेश्वर द्विवेदी ने बताया कि आग की विकराल लपटें देखकर आग बुझाने को लोग दौड़े। इस बीच आनन-फानन में फायर ब्रिगेड



आग से स्वाहा फसल।

मऊ को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी सूचना के 25 मिनट बाद मौका ए वारदात पर पहुंची। फायर ब्रिगेड टीम ने लोगों की मदद से मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इस बाबत मऊ एसडीएम राकेश कुमार पाठक ने कहा कि संबांधित लेखपाल को निरीक्षण को भेजा है। आख्या मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### फसल की क्षति का दें मुआवजा

**अखंड भारत संदेश**



क्या कहते हैं एसडीएम व किसान।

**मऊ/चित्रकूट।** इस बाबत मवईकला के किसान अमरीश ने कहा कि आग से अरहर की फसल झुलस गई है। मुआवजा मिल जाये तो लागत निकल आयेगी। अग्निकांड से प्रभावित किसान रामेश्वर ने कहा कि अचानक लगी आग से कई बीघा की अरहर फसल झुलस गई है। फायर ब्रिगेड व लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया है। किसान गुलाब ने कहा कि तीन बीघा अरहर की फसल पूरी तरह झुलस गई है। उन्हें मुआवजा दिया जाये। किसान उमाशंकर ने कहा कि दो बीघा अरहर की फसल जल गई है। दस हजार का नुकसान हुआ है। मवईकला के ही दयाशंकर तिवारी ने कहा कि चार बीघा अरहर की फसल आग से खराब हो गई है। बीस हजार का घाटा हुआ है। लेखपाल विजय बाबू त्रिपाठी ने मौके पर मुआयना कर बताया कि मवईकला में 38 बीघा अरहर फसल को क्षति पहुंची है। अधिकारियों को आख्या भेजी जा रही है। इस अग्निकांड से गांव के अंजनी तिवारी, अम्बिका त्रिपाठी, रामेश्वर द्विवेदी, गंगाधर उपाध्याय, देवनाथ त्रिपाठी, लोकनाथ त्रिपाठी, लालता प्रसाद त्रिपाठी, दयाशंकर त्रिपाठी, गिरीश, मिथलेश व राजेश त्रिपाठी प्रभावित हुए हैं।

# लेबनान में तबाही मचाने के बाद गाजा में गरजे इजराइली फाइटर जेट, हमास को भारी क्षति

**तेल अवीव।** फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के मददगार ईरान के हमले के बाद इजराइल आक्रामक मुद्रा में है। इजराइल ने पूरी ताकत के साथ लेबनान में तबाही मचाने के बाद गाजा में हवाई हमले कर हमास के तमाम लड़ाकों को मौत की नींद सुला दिया।



इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया में कहा है कि पिछले दिनों रातभर आईडीएफ के लड़ाकू विमानों ने दक्षिणी लेबनान के सेद्दीकीन, मातमौरा, लब्बौनेह और आयता राख शब के इलाकों में एयर स्ट्राइक कर एक लॉन्च पोस्ट, आतंकवादियों के बुनियादी ढांचे और सैन्य परिसरों सहित हिजबुल्लाह के आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इसके अलावा आईडीएफ सैनिकों ने दक्षिणी लेबनान में आयता राख शब और लब्बौनेह के क्षेत्रों में हमला किया। पिछले 24 घंटे में गाजा पट्टी पर हमास आतंकियों के 40 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। यह हमले सटीक और कामयाब रहे। इजराइल की थल सेना ने कई हमास आतंकियों को मार गिराया। कई ठिकानों को तबाह कर दिया। आईडीएफ ने कहा है कि उसके फाइटर जेट ने गाजा पट्टी पर 24 घंटे में 40 बार एयर स्ट्राइक की। इस दौरान हमास आतंकियों के ठिकानों पर ताबड़तोड़ बम गिराए। मिसाइलें और रॉकेट्स दागे। इजराइल ने आरोप लगाया है कि हमास आतंकियों को ईरान धन, हथियार और अन्य चीजें मुहैया कराता है। इसलिए इजराइल ने गाजा पट्टी में दोबारा हमास आतंकियों के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया है।

# म्यांमार की सैन्य सरकार ने आंग सान सू की को जेल से बाहर लाकर किया नजरबंद

**बैंकॉक।** म्यांमार की जेल में बंद मानवाधिकार कार्यकर्ता और नोबेल पुरस्कार विजेता आंग सान सू की को सैन्य सरकार ने देश में भीषण गर्मी और हीटवेव के कारण जेल से बाहर लाने के बाद नजरबंद कर दिया है। हालांकि, उन्हें नजरबंद किये जाने की जगह का खुलासा नहीं किया गया है। सेना (जुंटा) के प्रवक्ता मेजर जनरल जॉ ने बताया कि पूर्व नेता आंग सान सू की को गर्मी के कारण स्वास्थ्य उपाय के तौर पर जेल से बाहर लाकर नजरबंद किया गया है। 78 वर्षीय सू की को उनकी अपदस्थ सरकार के 72 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति विन म्यिंट को अन्य बुजुर्ग कैदियों के साथ जेल से बाहर लाया गया। हालांकि, अभी तक म्यांमार में इसकी सार्वजनिक घोषणा नहीं की गई है। देश की राजधानी नेपीता में विभिन्न प्रकार के आपराधिक आरोपों में सू की 27 साल की जेल की सजा काट रही हैं। उनके समर्थक और मानवाधिकार संगठन कहते रहे हैं कि यह आरोप राजनीतिक कारणों से गढ़े गए। पूर्व राष्ट्रपति विन म्यिंट म्यांमार के बागो क्षेत्र के ताउंगू में आठ साल



की जेल की सजा काट रहे थे। दरअसल, म्यांमार में राष्ट्रव्यापी संघर्ष 2021 में शुरू हुआ और सेना ने चुनी हुई सरकार को अपदस्थ कर सू की को कैद कर लिया। फरवरी में सू की के बेटे किम एरिस ने कहा था कि उन्हें एकान्त कारावास में रखा जा रहा है। वह अस्वस्थ हैं। पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट के मुताबिक म्यांमार में साल 2021 में हुए तख्तापलट के बाद से सेना अब तक लगभग 6,000 लोगों को मार चुकी है। म्यांमार में लगातार विरोधियों को फांसी की सजा दी जा रही है।

## नेपाल और भारत के बीच क्यूआर कोड से भुगतान को लेकर सीमाएं तय कीं गईं

**काठमांडू।** नेपाल और भारत के बीच क्यूआर कोड से भुगतान को लेकर नेपाल ने रकम खर्च को लेकर कुछ सीमाएं तय की हैं। पिछले महीने से भारत और नेपाल में ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा शुरू की गई है।

नेपाल राष्ट्र बैंक ने अपने देश के नागरिकों के लिए भारत में नेपाली बैंक खातों का प्रयोग कर ऑनलाइन भुगतान की सीमा तय की है। राष्ट्र बैंक के गवर्नर महा प्रसाद अधिकारी ने बताया कि कोई भी नेपाली नागरिक भारत भ्रमण के दौरान क्यूआर कोड का प्रयोग कर प्रति महीने अधिकतम 1 लाख रुपये तक का भुगतान कर सकेगा। उन्होंने बताया कि नेपाली बैंक खाता से सीधे भारत के भीम, यूपीआई, गूगलपे, फोनपे, पेटीएम आदि के क्यूआर कोड के जरिए भुगतान करने की सुविधा दी गई है।

गवर्नर अधिकारी ने बताया कि अस्पताल, फामेर्सी, होटल या किसी मेडिकल रिसर्च के लिए भुगतान की कोई सीमा तय नहीं की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत में काम कर रहे नेपाली नागरिक अपने भारतीय बैंक खाता का प्रयोग कर नेपाल के किसी भी बैंक खाते में एक बार में एक लाख रुपये तक ऑनलाइन ट्रांसफर कर सकते हैं।

नेपाल राष्ट्र बैंक ने भारत के अलावा विदेश के अन्य देशों के लिए अलग से मापदंड बनाया है। भारत के अलावा अन्य देश जाने पर वार्षिक दो हजार अमेरिकी डॉलर तक का भुगतान करने की व्यवस्था की गई है। गवर्नर अधिकारी के मुताबिक नेपाली बैंक खातों की रकम को यूएस डॉलर में कन्वर्ट कर प्रति वर्ष 500 डॉलर तक का ऑनलाइन भुगतान किया जा सकेगा।

## ब्रिटेन में बिना सहमति के डीपफेक तस्वीरें बनाना होगा अपराध

**लंदन।** ब्रिटिश सरकार ने मंगलवार को अश्लील डीपफेक सामग्री बनाने वाले लोगों को एक नए कानून के तहत मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। यह कानून इस समय संसदीय प्रक्रिया से गुजर रहा है।

डीपफेक से आशय ऐसी छवियों और वीडियो से है जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)अथवा अन्य तकनीकों से तैयार की जाती हैं और जिसमें आमतौर पर पीड़ित की सहमति नहीं होती।नए कानून के तहत बिना सहमति के इस तरह की तस्वीरें बनाने वाले लोगों को आपराधिक कार्यवाही और भारी जुमार्ने का सामना करना पड़ेगा। कानून में प्रस्तावित प्रावधान के अनुसार अगर डीपफेक सामग्री व्यापक रूप से फैल जाती है तो दोषियों को जेल भेजा जा सकता है। ब्रिटेन की मंत्री लौरा फेरिस ने कहा, डीपफेक से बनाई गईं अश्लील तस्वीरें निंदनीय और पूरी तरह अस्वीकार्य हैं।

## धमकियों के चलते कई जर्मन मेयर छोड़ना चाहते हैं पद

जर्मनी में लगभग 11,000 मेयर स्थानीय राजनीति में अहम किरदार निभाते हैं. उनमें से ज्यादातर स्वैच्छिक आधार पर काम करते हैं. लेकिन धमकियों के चलते अब कई मेयर अपने-अपने पद छोड़ना चाहते हैं.

जमीनी तौर पर ये लोग जर्मन राजनीति में अहम भूमिका निभाते हैं - लेकिन जर्मनी में स्थानीय नेताओं को लगता है कि वो खतरे में हैं. हाल ही में जर्मनी के राष्ट्रपति फ्रांक वॉल्टर श्टाइनमायर ने एक बयान में कहा "अगर मेयर और स्थानीय नेता किसी विवादित मुद्दे के बारे में बात नहीं कर रहे हैं, या फिर अगर वो अपना सोशल मीडिया अकाउंट हटा रहे हैं, या फिर अपना पद छोड़ रहे हैं वो भी खुद को या अपने परिवार को कसी भी तरीके के विरोधभाव से बचाने के लिए, तो डेमोक्रेट्स को ये बात अनसुनी नहीं करनी चाहिए, बल्कि उस पर ध्यान देना चाहिए." श्टाइनमायर ने ये टिप्पणी 11 अप्रैल को की, जब उन्होंने और कोर्बर फाउंडेशन ने स्थानीय राजनेताओं की चिंताओं और जरूरतों पर चर्चा करने के लिए 80 से ज्यादा मेयरों को बर्लिन में आमंत्रित किया. ये मेयर जर्मनी में अक्सर बिना भुगतान के काम करते हैं. यह कार्यक्रम "डेमोक्रेसी बिगिंस लोकलीह्व नाम से आयोजित हुआ था. कार्यक्रम से पहले, कोर्बर फाउंडेशन ने अनुसंधान संस्थान फोर्सा से एक सर्वे कराया, जिसमें पाया गया कि छोटे शहरों में 40 प्रतिशत मेयरों ने कहा कि उनके काम के कारण उनका या उनके करीबी लोगों का अपमान किया गया, धमकी दी गई या फिर उन पर शारीरिक हमला किया गया. 2021 में किए गए पहले फोर्सा सर्वेक्षण में, पूर्णकालिक निर्वाचित अधिकारियों का आंकड़ा 57 प्रतिशत तक था।.

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# नेपाल के गृहमंत्री भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप, पर अब तक आरोपित नहीं बनाया गया

**काठमांडू।** नेपाल के उपप्रधानमंत्री सह गृहमंत्री रवि लामिछाने रोज नए नए विवादों में फंसते नजर आ रहे हैं। उन पर आए दिन नए नए आर्थिक अनियमितता का आरोप भी लग रहे हैं। इस बार आरोप किसी व्यक्ति या संस्था या फिर विपक्षी राजनीतिक दल के तरफ से नहीं बल्कि अदालत में पुलिस के द्वारा दायर चार्जशीट के द्वारा लगाया गया है।

पुलिस द्वारा अदालत में दायर चार्जशीट की मानें तो गृहमंत्री रवि लामिछाने ने विभिन्न सहकारी बैंकों से पैसे लेकर अपने टीवी चैनल में निवेश किया है। रवि लामिछाने पर सुप्रीम सहकारी बैंक से 2 करोड़ रूपए अवैध तरीके से ऋण लेने तक की बात की जा रही थी। लेकिन जैसे जैसे चार्जशीट में लिखी बातें सामने आ रही हैं वैसे वैसे लामिछाने के द्वारा पर्सनल लोन के अलावा चार पहिया वाहन खरीदने के लिए 50-50 लाख रुपए के दो लोन यानि गाडी खरीदने के लिए एक करोड़ रूपए का भी लोन लेने की बात सामने आई है। इसके अलावा कई अन्य सहकारी बैंकों से करीब 50 करोड़ रूपए अपने टीवी चैनल में निवेश करने की बात भी पुलिस चार्जशीट में बताई जा रही है।

रूपन्देही जिला अदालत में दायर चार्जशीट में पुलिस ने गृहमंत्री रवि लामिछाने के द्वारा अपने व्यापारिक पार्टनर जी बी राई के नाम पर रहे करीब आधे दर्जन सहकारी बैंक से कई किस्तों में ऋण लेने का मामला भी दर्ज है। चार्जशीट के मुताबिक जिस टीवी चैनल का रवि लामिछाने प्रबन्ध निदेशक हुआ करते थे, उसका शेयर खरीदने के लिए उन्होंने गोरखा मीडिया के नाम से कंपनी बुटवल के सुप्रीम सहकारी से 14 करोड़ रूपए, पोखरा के सूर्यदर्शन सहकारी से 30 करोड़ रूपए और बांकी के 6 करोड़ रूपए काठमांडू के स्वर्णलक्ष्मी सहकारी और चितवन के सहारा सहकारी से लिए जाने की बात का खुलासा हुआ है। रवि लामिछाने प्रबन्ध निदेशक रहे गोरखा मीडिया में सूर्यदर्शन सहकारी के 18700, चितवन के सहारा सहकारी के 8000, बुटवल के सुप्रीम सहकारी के करीब 10000 और काठमांडू के स्वर्णलक्ष्मी के 13000 सहित करिब 49 हजार बचतकताओं का 50 करोड़ रूपैया अवैध तरीके से निवेश किए जाने की बात कही गई है। इतना सब होने के बावजूद गृहमंत्री ना तो पद से इस्तीफा दे रहे हैं और ना ही पुलिस उनको आरोपी बना रही है।

## रेगिस्तान में बारिश का कहर : यूएई में भारी बरसात, ओमान में 18 की मौत

**दुबई।** रेगिस्तान में पानी को तरसने वाले अब पानी में डूबकर मर रहे हैं। ऐसा कुछ संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और उसके आसपास के देशों में मंगलवार को देखने को मिला। यूएई में भारी बारिश से प्रमुख राजमार्गों के कुछ हिस्सों में पानी भर गया और पूरे दुबई में वाहन सड़कों पर जगह-जगह खड़े हो गए। दुनिया के व्यस्ततम हवाई अड्डों में से एक दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (डीएक्सबी) पर करीब 25 मिनट संचालन बंद रहा।

पड़ोसी देश ओमान में बाढ़ के कारण मरने वालों की संख्या 18 हो गई है और कई अन्य लापता हैं। अरब प्रायद्वीप के देश यूएई में बारिश असामान्य है, नियमित बारिश की कमी के कारण कई सड़कों और अन्य क्षेत्रों में जल निकासी प्रणाली का अभाव है जिससे बाढ़ आई है। भारी बारिश के कारण यूएई के प्रशासन ने मंगलवार को लोगों से घरों में ही रहने का अनुरोध किया। स्कूलों ने कक्षाएं ऑनलाइन आयोजित कीं। सरकारी कर्मचारियों से भी घरों से कार्य करने को कहा गया। राजमार्गों और सड़कों से पानी निकालने के लिए प्रशासन को बड़े-बड़े पंप लगाने पड़े। मंगलवार को जब यूएई के आसमान में बिजली चमकती थी तो कभी-कभी दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा के सिरे को छूती थी।

राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने दुबई, अबु धाबी, शारजाह व कुछ अन्य अमीरात के निवासियों से अगले 24 घंटों के दौरान भारी बारिश व ओलावृष्टि के लिए तैयार रहने को कहा है। यूएई के पड़ोसी देशों बहरीन, कतर, सऊदी अरब में भी जमकर बारिश हुई है।ओमान में तो हाल के दिनों में हुई भारी बारिश से आई बाढ़ के कारण 18 लोगों की मौत हुई है। इनमें 10 स्कूली बच्चे शामिल हैं जिनका वाहन बाढ़ में बह गया था। बहरीन की राजधानी मनामा में सड़कों पर पानी भर गया। कुवैत, सऊदी अरब व ओमान में बुधवार को चक्रवात की आशंका जताई गई है।

# इजरायल ने दक्षिणी गाजा के राफा में किया हमला, सात लोगों की मौत

तेल अवीव। इजरायल वायु सेना ने दक्षिणी गाजा के राफा में एक इमारत पर हमला किया। इस हमले में सात लोगों की मौत हो गई।

इजरायली मीडिया के मुताबिक, हमला बुधवार सुबह हुआ। अमेरिका और इजरायल के अन्य सहयोगियों ने इजरायल से राफा पर हमला नहीं करने को कहा था क्योंकि इस क्षेत्र में लगभग 13 लाख लोगों की आबादी है।

मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी ने अपनी यात्रा के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को सूचित किया था कि राफा पर इजरायली हमलों को रोका जाना चाहिए। मिस्र को चिंता है कि



राफा पर हमले से मिस्र के सिनाई क्षेत्र में शरणार्थियों का पलायन हो जाएगा, जो राफा के साथ सीमा साझा करता है। पिछले साल 7 अक्टूबर के हमास के हमले के बाद 27 अक्टूबर 2023 को गाजा में इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के जमीनी आक्रमण के बाद से 33 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे गए। मोसाद और शिन बेट सहित इजरायली खुफिया एजेंसियों ने इजरायली युद्ध कैबिनेट को राफा क्षेत्र में अधिकांश बंधकों की मौजूदगी की जानकारी दी है और हमास के आतंकवादी उन्हें मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं।

## वालमार्ट मार्केटप्लेस ने भारतीय विक्रेताओं के लिए समर्पित लैंडिंग पेज लॉन्च किया

जयपुर। वालमार्ट ने भारतीय विक्रेताओं के लिए कंपनी की मार्केटप्लेस वेबसाइट वालमार्ट डॉट कॉम पर एक समर्पित लैंडिंग पेज लॉन्च करने की घोषणा की। इसके माध्यम से वे साइट पर पंजीकरण एवं बिक्री कर सकेंगे। साथ ही वालमार्ट ने क्षेत्रीय स्तर पर सम्मेलनों की श्रृंखला शुरू करते हुए बुधवार को जयपुर, राजस्थान में पहले वैश्विक विक्रेता सम्मेलन का आयोजन भी किया। इन सम्मेलनों के माध्यम से संभावित विक्रेताओं को उपभोक्ताओं एवं कैटेगरी ट्रेंड्स से जुड़ी इनसाइट्स एवं जानकारी प्रदान करते हुए मदद की जाएगी और ऑनबोर्डिंग सपोर्ट व कैटलॉग सेटअप में सहयोग किया जाएगा। सालभर पूरे देश में वैश्विक विक्रेता सम्मेलन आयोजित करने की योजना है। वालमार्ट मार्केटप्लेस को 2021 में भारतीय विक्रेताओं के लिए खोला गया था। वर्तमान में इस मार्केटप्लेस पर भारत में बनाए गए, विकसित किए गए या असेंबल किए गए उत्पादों के हजारों एसकेयू हैं। वालमार्ट का अमेरिकी मार्केटप्लेस दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म है।

# पोर्न स्टार को धन देने के मामले में ट्रंप फिर अदालत पहुंचे

**न्यूयॉर्क।** पोर्न स्टार को मुंह बंद रखने के लिए चोरी से धन देने आरोपों के मामले में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मंगलवार को पुनः न्यूयॉर्क की एक अदालत में पहुंचे। इस मामले की सुनवाई के लिए जूरी सदस्यों के चयन की प्रक्रिया जारी है। जूरी के 12 सदस्यों और छह वैकल्पिक सदस्यों का चयन किया जाना है। इस मामले की मैनहट्टन में ऐतिहासिक सुनवाई शुरू होने के पहले दिन सोमवार को किसी जूरी सदस्य का चयन नहीं हो सका था। इस मामले को लेकर दर्जनों लोगों ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि वे इस मामले में निष्पक्ष हो सकते हैं जिसके बाद चयन प्रक्रिया से उन्हें बाहर कर दिया गया। दर्जनों अन्य संभावित जूरी सदस्यों से सवाल-जवाब किए जा रहे हैं। ट्रंप





मंगलवार सुबह अदालत कक्ष पहुंचे। यह अमेरिका के किसी भी पूर्व राष्ट्रपति से संबंधित पहला आपराधिक मुकदमा और ट्रंप के चार अभियोगों में से पहला मुकदमा है जिसकी सुनवाई हो रही है। यह संभवतः ऐसा पहला मुकदमा बन सकता है जिस पर नवंबर को देश में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान से पहले फैसला आ सकता है। ट्रंप द्वारा पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को धन दिए जाने का यह मामला 2016 का है। उस समय ट्रंप के पोर्न स्टार के साथ संबंध होने की बातें सामने आई थीं और आरोप है कि उन्होंने इस मामले को छिपाने के लिए स्टॉर्मी को एक लाख 30 हजार डॉलर का भुगतान किया था।पूर्व राष्ट्रपति की कंपनी ने यह धन उनके वकील माइकल कोहेन को दिया था जिन्होंने ट्रंप की ओर से पोर्न स्टार को इसका भुगतान किया।ट्रंप इस वर्ष होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के संभावित उम्मीदवार हैं और उनके सामने राष्ट्रपति जो बाइडन की चुनौती होने की संभावना है। ट्रंप ने व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 गंभीर मामलों में खुद को निर्दोष बताया है।अभियोजकों का कहना है कि कोहेन को किए गए भुगतान को ट्रंप के वास्तविक उद्देश्य को छिपाने के लिए कानूनी शुल्क के रूप में गलत तरीके से दर्ज किया गया था जबकि ट्रंप के वकीलों का कहना है कि यह वास्तव में कानूनी खर्च था और इसमें कोई लीपापोती नहीं की गई।ट्रंप ने अदालत कक्ष में जाने से पहले संवाददाताओं से बातचीत के दौरान फिर से आरोप लगाया कि न्यायाधीश उनके खिलाफ पक्षपात कर रहे हैं और यह मामला राजनीति से प्रेरित है।